26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 18 मई , 2026

अंक- 203 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## 60 साल में पहली बार पूरी कैबिनेट ने ली शपथ



तिरुवनंतपुरम (एजेंसी/चिंगारी)। वीडी सतीशन ने केरल के सीएम पद की शपथ ले ली है। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। वीडी सतीशन का शपथ ग्रहण समारोह तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में हुआ। सीएम के साथ ही उनकी पूरी कैबिनेट ने भी शपथ ली है। सतीशन की कैबिनेट में 20 मंत्रियों को शामिल किया गया है और राज्यपाल द्वारा उन्हें शपथ दिलाई गयी है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के अलावा राज्य के पूर्व सीएम और वामपंथी नेता पिनाराई विजयन, भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखरन भी सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता राज्य के विभिन्न हिस्सों से राज्य की राजधानी पहुंचे हैं। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को चुनाव हुए थे और 4 मई को परिणाम जारी हुए थे।

# यूपी में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

## पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किये हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग द्वारा आज जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बाराबंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई।



यहां रविवार को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो देश भर में सबसे अधिक था, वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है।

इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

तुरंत आवश्यकता

3 स्टोर स्टाफ की

मेल/फीमेल (उम्र 20-35 वर्ष)

आकर्षक वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें।

Singh Enterprises

सिविल लाइंस, बिजनौर

मो. 8218014102




## विधानसभा चुनाव के बाद ही हो पायेंगे पंचायत चुनाव

### मंत्रिमंडल ने समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठन को मंजूरी सबसे चर्चित फैसला रहा। आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। आयोग का कार्यकाल छह महीने निर्धारित किया गया है।

सरकार के अनुसार, आयोग पंचायत चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगा। इसके बाद ही पंचायत चुनावों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। माना जा रहा है कि आयोग की रिपोर्ट नवंबर 2026 तक सामने आ सकती है। ऐसे में पंचायत चुनाव अब विधानसभा चुनाव 2027 के बाद होने की संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी 2025 को हाईकोर्ट ने सरकार को आयोग गठन का निर्देश दिया था।

इसके अलावा लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंतकुंज कॉरिडोर के एमओयू को हरी झंडी मिली, जबकि पशु चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाकर 12 हजार प्रतिमाह कर दिया गया।

## नये बने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा

### भूपेंद्र चौधरी और सोमेंद्र तोमर को मिला कम महत्व वाला विभाग

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के तहत शपथ लेने वाले 8 मंत्रियों को विभाग बांट दिए गए हैं। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग दिया गया है। अभी तक यह विभाग कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के पास था। मनोज पांडेय को खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी मिली है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अजीत सिंह पाल को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मिला है। वहीं, सोमेंद्र तोमर को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में राजनैतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग दिया गया है। कृष्णा पासवान को पशुधन एवं दुग्ध विकास, कैलाश सिंह राजपूत को ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, सुरेंद्र दिलेर को राजस्व और हंसराज विश्वकर्मा को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग में राज्य मंत्री बनाया गया है।

# नेशनल हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा : डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नगीना नेशनल हाईवे-74 पर रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दुर्गा विहार के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे



मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव कासमपुर गढ़ी थाना अफजलगढ़ निवासी करण सिंह पुत्र लाल सिंह ( उम्र 35 वर्ष ) रविवार शाम बाइक से अपने घर से लौट रहा था। जैसे ही वह नगीना नेशनल हाईवे-74 स्थित दुर्गा विहार के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि करन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि करण सिंह धामपुर थाना क्षेत्र के गांव दिल्ली भटपुरा स्थित एक मुर्गी फार्म पर कार्य करता था और मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

## कार्यशाला में देशभर के प्रतिभागियों ने पालि भाषा सीखने में दिखाई विशेष रुचि

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भदन्ताचार्य बुद्धदत्त पालि संवर्धन प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित 'ऑनलाइन पालि भाषा शिक्षण कार्यशाला' अत्यंत सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में देशभर से सैकड़ों विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों एवं पालि प्रेमियों ने सहभागिता कर पालि भाषा सीखने के प्रति गहरी रुचि दिखाई। नजीबाबाद जनपद बिजनौर से बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बौद्ध तथा दी बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के प्रदेश महासचिव राकेश मोहन भारती लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए व पालि भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रफुल्ल गडपाल एवं डॉ. कीर्ति राज लोणारे ने पालि भाषा का सरल परिचय देते हुए व्याकरण, उच्चारण एवं भाषा शिक्षण की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पालि भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भगवान बुद्ध के उपदेशों, भारतीय ज्ञान परम्परा, करुणा व मानवता की अमूल्य धरोहर है। इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में आरसी बौद्ध एवं जितेन्द्र राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए पालि भाषा को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

## यूपी में सपा सरकार व नजीबाबाद में हाजी तसलीम अहमद की जरूरत- नितिन कश्यप



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विधायक प्रतिनिधि एवं सपा नेता नितिन कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश का आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव राज्य के भविष्य व विकास की दिशा तय करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस बदलाव की बयार में बिजनौर जिले की प्रतिष्ठित नजीबाबाद विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हाजी तसलीम अहमद को चौथी बार चुनना व प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाजी तसलीम अहमद क्षेत्र के एक बेहद लोकप्रिय, सुलभ व जमीन से जुड़े नेता हैं। उन्होंने 2012, 2017 व 2022 में लगातार तीन बार चुनाव जीतकर नजीबाबाद की जनता के दिलों में अपनी मजबूत जगह बनाई है। चाहे बुनियादी ढांचे का विकास हो, सड़कों का सुधार हो, या समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना हो, उन्होंने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया है। नजीबाबाद में भाईचारे व सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने में भी उनकी अहम भूमिका रही है। ऐसे अनुभवी व समर्पित नेता को चौथी बार मौका मिलना क्षेत्र की निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है। हाजी तसलीम अहमद के राजनीतिक सफर की सबसे बड़ी ताकत उनकी सबका साथ, समान विकास की सोच रही है। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक द्वेष या भेदभाव के, समाज के हर धर्म व हर जाति के लोगों के लिए काम किया है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई या किसी भी वर्ग के लोग हों, विधायक जी का कार्यालय सभी के लिए हमेशा खुला रहता है। क्षेत्र में सड़कों का निर्माण हो, बिजली-पानी की व्यवस्था हो या अन्य जनसुविधाएं, उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि विकास का लाभ नजीबाबाद के हर कोने व हर नागरिक तक बिना किसी भेदभाव के समान रूप से पहुंचे। दूसरी ओर पूरे उत्तर प्रदेश को आज युवाओं, किसानों व समाज के वंचित तबकों के उत्थान के लिए एक प्रगतिशील नेतृत्व की जरूरत है, जो केवल समाजवादी पार्टी ही दे सकती है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की नीतियां हमेशा रोजगार, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व बुनियादी ढांचे के आधुनिक विकास पर केंद्रित रही हैं। नजीबाबाद के सर्वांगीण विकास व उत्तर प्रदेश को तरक्की के नए रास्ते पर ले जाने के लिए 2027 में हाजी तसलीम अहमद की चौथी ऐतिहासिक जीत व राज्य में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना बेहद जरूरी है।

### सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD RAMEEZ था, अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHAMMED RAMEEZ रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

MOHAMMED RAMEEZ
S/O MOHAMMAD AHSAN
GRAM MOZZAMPUR
TULSI, NAJIBABAD,
BIJNOR. U.P. 246763

### सूचना

मेरे विद्यालय अभिलेखों (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट) में मेरा नाम Mohd Al Moiz दर्ज है, जो कि गलत दर्ज है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम Mohd Almoiz है, कृपया दर्ज करने का कष्ट करें।

**-मो. अलमोईज़ पुत्र मौ. इज़हार, मौहल्ला पठानपुरा, नजीबाबाद ( जिला बिजनौर )**


बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बीजेपी का झण्डा लगी स्कार्पियो ग्रामीणों पर चढ़ाने का प्रयास, बाल-बाल बचे

**नहटौर ( चिंगारी )। बीजेपी की झंडी लगी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार को चालक ने ग्रामीणों के ऊपर चढ़ने का प्रयास किया। इतना ही नहीं ग्रामीणों के विरोध पर रॉड निकालकर ग्रामीणों को धमकाया, जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ग्राम प्रधानों ने भी पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।**

ग्राम मिर्जापुर में शुक्रवार की मध्य रात्रि को गांव निवासी युवक ने अपने साथियों के साथ भाजपा की झंडी लगी स्कॉर्पियो कार तेजी के साथ सड़क पर निकला, जिसका सड़क किनारे खड़े लोगों द्वारा विरोध किया। आरोप है कि उसने पुन: स्कॉर्पियो को सड़क पर खड़े ग्रामीणों की ओर चढ़ा दी, जिससे वह बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी युवक व उसके साथी ग्रामीणों को गंदी-गंदी गालियां देने लगे और लोहे की रॉड निकालकर लोगों को धमकाने लगा। मामले में ग्राम प्रधान दानिश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा अरबाज अली पुत्र अरशद अली निवासी ग्राम मिर्जापुर व जसमौरा प्रधान शकील अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ कोई घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार आरोपी युवक होगा। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जबकि आरोपी पक्ष द्वारा आएदिन धमकी दी जा रही है। क्राइम निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया मामले में तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## भगवान ऋषभनाथ मंदिर में हुआ भक्तामर विधान

### श्रद्धालुओं ने पूजन कर सुख-शांति की कामना की



**नहटौर ( चिंगारी )।** श्री 1008 भगवान ऋषभदेव मंदिर पाड़ला में भक्तामर विधान आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर पूजन में प्रभु से सुख शांति समृद्धि की कामना की। रविवार को ऋषभनाथ मंदिर पाड़ला में क्षुल्लक श्री समर्पण सागर महाराज जी प्रेरणा एवं मुनि श्री 108 विव्रत सागर महाराज के आशीर्वाद से हर 6 माह आयोजित होने वाले भक्तामर विधान कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक और शांति धारा आयोजित हुई। श्रद्धालुओं का दावा है चतुर्थकालीन ऋषभनाथ भगवान की प्रतिमा जी का बहुत अतिशय है। यहां मन में धारण की हुई हर इच्छा पूरी होती है। विधान के पुण्यार्जक राजीव जैन, नितिन जैन रहे। इस अवसर पर शुभम जैन शिप्पी, अशोक जैन, सौरभ जैन, सुरेंद्र जैन, अचल जैन, राजेश जैन, नितिन जैन, रिया जैन, अलका जैन, दीपा जैन, पूनम जैन, नेहा जैन, इष्टि जैन, अविका जैन, हेमा जैन, प्रियांशी जैन आदि श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शहबाज व उसकी पत्नी रूबीना जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-शहनाज पत्नी स्व. सुल्तान अहमद निवासी मोहल्ला कायस्थान कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ
1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |



आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे**
**या बुरी ...**

## छिनता बचपन, बढ़ता शोषण

**पिछले दिनों राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि देश में हर साल 40 हजार से अधिक बच्चों का अपहरण होता है और इनमें से एक चौथाई बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े के मुताबिक भारत में हर आठ मिनट पर एक बच्चा गुम होता है। यानी पूरे एक दिन में औसतन 180 बच्चे गुम होते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एक बार गुम होने के बाद इनमें से चालीस फीसद बच्चे कभी भी अपने माता-पिता से नहीं मिल पाते। हाल ही में राज्यसभा में सरकार ने भी स्वीकार किया है कि पिछले तीन साल में दो लाख से अधिक बच्चे लापता हुए हैं। इनमें से 1.60 लाख बच्चों की तलाश कर ली गई है लेकिन 75 हजार से अधिक बच्चे अब भी लापता हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत दुनिया के उन खतरनाक देशों में शुमार हो गया है, जहां बच्चों की तस्करी होना अब आम बात है। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी है कि कानून की सख्ती के बावजूद दुनिया में 14 साल के कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिक भारत में ही मौजूद हैं। इसके अलावा बच्चों के यौन शोषण का मामला भी संगीन बनता जा रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक 2001 से 2011 के दरम्यान बच्चों से बलात्कार के मामलों में 300 फीसद से अधिक की वृद्धि हुई है। 2001 में जहां बच्चों से बलात्कार के 2113 मामले दर्ज हुए, वहीं 2011 में यह संख्या बढ़ कर 7112 तक पहुंच गयी। 2021 में ये आंकड़े लगभग दो गुने हो चुके हैं। ये वे मामले हैं जो अभिभावकों की जागरूकता की वजह से प्रकाश में आए हैं। अधिकांश मामले लोकलाज और बदनामी के डर से अथवा पुलिसिया हीलाहवाली की वजह से दर्ज ही नहीं हो पाते हैं। ऐसे मामलों की संख्या दर्ज कराए गए मामलों से हजार गुना अधिक हो सकती है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य और समाज अपनी जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन नहीं कर रहे हैं और गुनाहगारों के मन में कानून का खौफ नहीं है। गौर करने वाली बात यह भी कि यौन शोषण का दायरा घर-परिवार से लेकर स्कूल, होटल, दुकान, मॉल, कल-कारखानें, उद्योग-धंधे जैसे उन सभी स्थलों पर हैं, जहां बच्चों की मौजूदगी बनी हुई है।**

# क्या सरकार की कोई जवाबदेही नहीं?

**देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लगातार की जा रही 'अपीलों' की राजनीति अब गंभीर प्रश्नों के घेरे में है। कभी सोना न खरीदने की सलाह, पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करने की नसीहत, तेल कम खाने का आग्रह, तो कभी उर्वरकों के सीमित प्रयोग की बात। ऐसा प्रतीत होता है मानो देश की हर आर्थिक और सामाजिक समस्या का समाधान अब जनता के व्यवहार में ही खोजा जा रहा है, न कि सरकार की नीतियों और उपायों में। लगता है कि सरकार की कोई जवाबदेही ही नहीं है।**

**नज़रिया अपना-अपना**

कोरोना काल में ताली-थाली बजवाना, प्रतीकात्मक एकजुटता के नाम पर भावनात्मक माहौल तैयार करना, ये सब उस समय भले ही मनोवैज्ञानिक सहारा लगे हों, लेकिन आज पीछे मुड़कर देखने पर सवाल उठता है। क्या इन प्रतीकों के पीछे सरकार की ठोस तैयारी और दूरदृष्टि भी थी? या यह केवल ध्यान भटकाने की रणनीति ही थी?

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सरकार की अपीलें धीरे-धीरे 'जिम्मेदारी के हस्तांतरण' का माध्यम बनती जा रही हैं। पेट्रोल महंगा है, तो कम खर्च कीजिये। खाद्य तेल महंगा है, तो कम खाइये। उर्वरक महंगे हैं, तो कम इस्तेमाल कीजिये। सवाल यह है कि आखिर जनता कब तक जीवन जीने के लिये आवश्यक वस्तुओं के उपयोग में कटौती / समझौता करके सरकार की नीतिगत विफलताओं की कीमत चुकाती रहेगी?

एक साल तक सोना खरीदने से बचने की अपील इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। भारत में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि मध्यम वर्ग और गरीबों के लिये आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। जब सरकार कहती है कि सोना मत खरीदिये, तो इसका सीधा असर छोटे निवेशकों पर पड़ता है। लेकिन क्या इससे बड़े पूंजीपतियों पर कोई फर्क पड़ता है? कहीं ऐसा तो नहीं कि वे इसी अवसर का लाभ उठाकर सस्ते दामों में सोना इकट्ठा करेंगे और भविष्य में ऊंचे दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमायेंगे? यदि ऐसा होता है, तो यह न केवल आर्थिक असमानता को बढ़ायेगा, बल्कि 'आपदा में अवसर' का खेल भी उजागर करेगा। इस खेल में फायदा हमेशा धन्नासेठों को ही होता है और बोझ आम जनता के ऊपर पड़ता है।



विदेश यात्रा न करने की अपील भी इसी श्रेणी में आती है। क्या यह देश की कमजोर होती मुद्रा का संकेत नहीं है? डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिरता रहा है। यह केवल वैश्विक कारणों का परिणाम नहीं, बल्कि घरेलू आर्थिक नीतियों की भी परीक्षा है। अगर अर्थव्यवस्था वास्तव में मजबूत होती, तो क्या इस तरह की अपीलों की आवश्यकता पड़ती?

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या अपीलें ही शासन का विकल्प बन चुकी हैं? क्या सरकार अब कठिन निर्णय लेने, ठोस आर्थिक सुधार लागू करने और अपनी नीतियों के परिणामों की जिम्मेदारी लेने से बच रही है? लोकतंत्र में जनता भागीदार जरूर होती है, लेकिन 'बलि का बकरा' नहीं। आज देश का मध्यम वर्ग सबसे अधिक दबाव में है। न वह पूरी तरह गरीब है कि उसे सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले और न ही इतना अमीर कि वह हर आर्थिक झटके को सह सके। ऐसे में जब उसी वर्ग से बार-बार त्याग और संयम की अपेक्षा की जाती है, तो यह सवाल उठना स्वभाविक है कि आखिर सरकार की अपनी भूमिका क्या है?

सच्चाई यह है कि केवल अपीलों के सहारे न तो अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और न ही जनता का विश्वास कायम रहता है। विश्वास तब बनता है जब सरकार पारदर्शी हो, नीतियां स्पष्ट हों और उनके परिणामों की जिम्मेदारी ली जाये। यदि अपीलें ही समाधान हैं, तो फिर शासन की आवश्यकता ही क्या रह जाती है? और यदि शासन है, तो फिर जवाबदेही कहां है? देश की जनता अब केवल सुनना नहीं चाहती, वह जवाब चाहती है। और यह जवाब अपीलों से नहीं, ठोस कार्यों से ही दिया जा सकता है।

**– मा. भूपेन्द्र सिंह दिव्यांग**
तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर

# नीट परीक्षा रद्द : छात्र परेशान, सड़क पर संग्राम

**▶▶ संजय सक्सेना, लखनऊ**

तीन मई को संपन्न हुई नीट अंडर ग्रेजुएट परीक्षा पर एक बार फिर ग्रहण लग गया है। देशभर के लाखों छात्रों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, जब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परीक्षा रद्द करने का ऐलान कर दिया। नीट परीक्षा में करीब 24 लाख परीक्षार्थी बैठे थे। पेपर लीक की ख़बरों ने पूरे सिस्टम को हिला दिया। राजस्थान से पेपर आउट होने की अफ़्वाहें तेज हैं और विपक्ष ने इसे मोदी सरकार पर सीधा हमला बोल दिया। छात्र सड़कों पर उतर आए, आक्रोश की लहर दौड़ गई। सरकार ने आनन-फानन में नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दे दिया है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर बार-बार ऐसा क्यों हो रहा है? शिक्षा माफिया की साजिशें कब थमेंगी? यह कोई नई घटना नहीं। पिछले सालों में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। इन घटनाओं ने न सिर्फ छात्रों का भविष्य दांव पर लगा दिया, बल्कि राजनीतिक घमासान भी खड़ा कर दिया। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या परीक्षा प्रणाली में सुधार की बातें बेईमानी साबित हो रही हैं? क्या सरकार भरोसा दिला सकती है कि दोबारा परीक्षा लीक नहीं होगी? बात नीट कांड की शुरुआत कैसे हुई, की जाए तो तीन मई को सुबह नौ बजे शुरू हुई परीक्षा के कुछ घंटों बाद ही सोशल मीडिया पर पेपर के सवाल वायरल हो गए। राजस्थान के सीकर और जयपुर इलाकों से लीक की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, पुलिस अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है, जिनमें परीक्षा केंद्र के कुछ कर्मचारी और दलाल शामिल हैं। ये गिरफ्तारियां साजिश के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर रही हैं। छात्रों का कहना है कि बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में भी पेपर पहले से बिक रहा था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने रद्दीकरण का फैसला लेते हुए नई तारीख जल्द घोषित करने का वादा किया है, लेकिन छात्रों का गुस्सा ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा। दिल्ली, मुंबई और पटना में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। परिवार वाले चिंतित हैं कि दोबारा परीक्षा का बोझ कैसे झेलें। पिछले सालों के काले अध्याय याद आते हैं, जब परीक्षा प्रणाली पर सेंध लग चुकी थी। 2015 में वाइब्रेंट गुजरात के दौरान आयोजित जीएलओई परीक्षा का पेपर लीक हुआ। सैकड़ों उम्मीदवारों को फायदा पहुंचा। फिर 2021 में बिहार के बीपीएससी परीक्षा का मामला सामने आया, जहां पेपर सॉल्वर गिरोह ने हल्ला बोल दिया। 2022 में यूपीटीईटी का पेपर लीक हुआ, जिसके बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी। उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के आदेश दिये, लेकिन दोषियों को सजा मिलने में देरी हुई। इसी साल फरवरी में रोहिणी परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। बिहार में नीट पीजी का कांड तो सुर्खियों में रहा। सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप कर परीक्षा स्थगित की। महाराष्ट्र में एमपीएससी का पेपर लीक होने से हड़कंप मच गया।

# विवेक विवि में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट संबंधी भव्य एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

# शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं, स्किल डवलपमेंट भी जरूरी

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा एक भव्य एचआर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया, जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के वरिष्ठ एचआर मैनेजर एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विद्यार्थियों को करियर निर्माण, रोजगार के अवसरों तथा उद्योग जगत की वर्तमान आवश्यकताओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की कार्यशैली, नई तकनीकों, प्रोफेशनल स्किल्स एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कंपनियों से आए अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टेक्निकल नॉलेज, इंटरव्यू स्किल्स एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड भी सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने छात्रों को निरंतर सीखने, सकारात्मक सोच रखने तथा बदलती तकनीकों के साथ स्वयं को अपडेट रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कॉग्निजेंट कंपनी से नबिन्द कुमार सिंह, ओकाया से अनपूर्णा सिंह, ऐप्सक्वाड्ज सॉफ्टवेयर से स्वेता पांडेय, अमिगा इन्फॉर्मेटिक्स से दीक्षा मिश्रा,



जारो कंपनी से अर्जित पाठक, धारा मोटर फाइनेंस से राधिका भटनागर, कोका कोला से सौरभ सिंह, ग्रेप सिटी से मधु बूजो तथा वाइल्डनेट टेक्नोलॉजी से आकांक्षा सिंह सहित अन्य कॉर्पोरेट प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली, चयन प्रक्रिया एवं आवश्यक कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।



कार्यक्रम का संचालन श्रेया गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वेश शीतल एवं हर्ष कुमार तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नितेश वर्मा एवं रिया भटनागर का विशेष योगदान रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा और उद्योग जगत के बीच की दूरी को कम




करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। प्रति कुलाधिपति दीपक मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता एवं बेहतर व्यक्तित्व का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। सीईओ अनिल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

## कांग्रेस नेता नज़ाकत अल्वी की वालिदा का इंतक़ाल

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नज़ाकत अल्वी की वालिदा मोहतरमा मुनीज़ा खातून का लम्बी बीमारी के चलते इंतक़ाल हो गया। उन्होंने देहरादून के जय सिद्धारता हॉस्पिटल में अन्तिम सांस ली। उन्हे बाद नमाज़-ए-मगरिब उनके मोहल्ला लडापुर बिजनौर के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। मुनीजा खातून के इंतक़ाल से मोहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी शोक की लहर दौड़ गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी पश्चिमी जोन प्रदीप नरवाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आजाद बैग एवं जिले के तमाम कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने नजाकत अल्वी के आवास पर पहुंचकर गम का इजहार करते हुए मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। उक्त सभी ने मरहूमा के जनाज़े में भी शिरकत की। चिंगारी परिवार भी मुनीजा खातून के निधन पर हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता है।

## डॉ. पंकज भारद्वाज को सम्मानित किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** साहित्य अकादमी के रविन्द्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक समारोह में बिजनौर के साहित्यकार डॉ. पंकज भारद्वाज को 'रविवारीय कहानी वार्ता' में मुख्य वक्ता के रूप में उल्लेखनीय सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन हिमालय विरासत ट्रस्ट द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की कहानियों पर केंद्रित साप्ताहिक कार्यक्रम 'रविवारीय कहानी वार्ता' के 150 सप्ताह पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह में देश के विख्यात हास्य कवि पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', के.जी. सुरेश, प्रो. वरुण कुमार गुलाटी, प्रो. दर्शन पाण्डेय तथा आश्ना कंडियाल नेगी ने डॉ. पंकज भारद्वाज को सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज भारद्वाज ने इसे बिजनौर की साहित्यिक परंपरा और हिंदी साहित्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# दुल्हन के हाथों की मेहंदी भी न सूखी थी कि जनाज़ा उठ गया

## मायके और ससुराल में पसरा मातम

## शादी के महज़ कुछ दिन बाद ही सड़क हादसे ने उजाड़ दी नई नवेली दुल्हन फ़िज़ा की दुनिया

**बिजनौर (चिंगारी)।** खुशियों से महकता एक घर अचानक चीखों और सिसकियों से दहल उठा। जिन हाथों में कुछ दिन पहले ही शादी की मेहंदी रची थी, जिन आंखों में नये जीवन के हसीन सपने बसे थे, उन्हीं आंखों ने दुनिया को इतनी जल्दी अलविदा कह दिया कि हर सुनने वाला गमगीन हो उठा। स्थानीय खस्सा कालोनी निवासी इक़रार की बेटी फ़िज़ा की शादी इसी माह 11 मई को शेरकोट निवासी शहज़ाद के साथ बड़े अरमानों और खुशियों के बीच हुई थी। परिवार ने अपनी लाड़ली को दुल्हन बनाकर विदा किया था। किसी को क्या मालूम था कि खुशियों भरी यह विदाई कुछ ही दिनों में हमेशा के लिए दुनिया से विदाई का रूप ले लेगी। शादी के बाद शहज़ाद अपनी दुखन फ़िज़ा को चांदपुर स्थित अपनी मौसी (खाला) के यहां दावत में लेकर गया था। वहां से शहज़ाद बाइक से दुल्हन को उसके मायके वालों से मिलाने के लिए बिजनौर जा रहा था। रास्ते में छाछरी मोड़ के पास एक दर्दनाक हादसे ने शहज़ाद की जिंदगी बदल दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क के आधे हिस्से में एक कटा हुआ पेड़ पड़ा था। जैसे ही शहज़ाद ने बाइक को पेड़ से बचाने की कोशिश की, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि नई नवेली दुल्हन फ़िज़ा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि उसके पति शहज़ाद को मामूली चोटें आईं।

हादसे की ख़बर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। जिस घर में कुछ दिन पहले शहनाइयां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मां-बाप अपनी जवान बेटी की मौत पर बदहवास हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हर आंख नम है और हर जुबान पर बस यही सवाल है कि आखिर इतनी जल्दी यह कहर क्यों टूट पड़ा। लोगों की आंखें उस वक्त भर आईं जब नई नवेली दुल्हन का शव घर पहुंचा। फ़िज़ा के हाथों की मेहंदी अभी फीकी भी नहीं पड़ी थी, शादी के जोड़े की खुशबू अभी घर में मौजूद थी कि फ़िज़ा का जनाजा उठ गया, जिसने भी यह मंजर देखा, उसका दिल कांप उठा। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्दे खाक कर लिया। पूरे इलाके में इस दर्दनाक हादसे को लेकर शोक की लहर है। हर कोई यही कह रहा है कि काश यह हादसा न हुआ होता, तो एक बेटी आज अपने नये जीवन के सपने सजा रही होती।

# धामपुर स्टेशन के प्लेटफार्म पर अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला



**धामपुर (चिंगारी)।** आज तड़के धामपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह तड़के प्लेटफार्म नंबर एक पर एक अधेड़ व्यक्ति अचेत पड़ा दिखाई दिया। सूचना पर जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली। लेकिन उसके पास कोई पहचान पत्र, कागजात या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। बताया जाता है कि, मृतक ने कुर्ता-पजामा पहन रखा था और उसके हाथ में कलावा बना हुआ था। पुलिस ने शव,को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जीआरपी पुलिस मृतक की पहचान करने के प्रयास में जुटी हुई है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि, वह धामपुर रेलवे स्टेशन पर किस कारण से पहुंचा था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## वरिष्ठ नागरिक महासमिति का द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न




मीटिंग में उपस्थिति संस्था के पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति की आर्य समाज मंदिर धामपुर में संपन्न हुई जिलास्तरीय बैठक में समिति का दिवार्षिक चुनाव जगदीश सिंह संरक्षक, जितेंद्र गहलोत चुनाव अधिकारी एवं गजराज सिंह पर्यवेक्षक द्वारा संपन्न कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अगले 2 वर्षों के लिए पूर्व समिति को ही अनुमोदित किया गया, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष पद पर धर्मेश कुमार चौहान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, विनोद चादना, रामस्वरूप सिंह, विजयपाल सिंह, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा, महामंत्री शिव कुमार सिंह चयनित किये गये। नए पदों में हरीराज सिंह प्रचार मंत्री, राकेश चमोली कार्यालय मंत्री, श्रीमती कुसुम गुप्ता संयुक्त मंत्री चुने गये। बैठक में अधिकारी एवं चयनित समिति के अलावा ठाकुर सिंह जैतरा, संतोष सिंह सरकड़ा, रामस्वरूप सिंह बरखेड़ा, राजेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, राम सिंह सैनी, मीडिया प्रभारी भी मौजूद रहे।

**धर्मेश कुमार चौहान अध्यक्ष, शिव कुमार सिंह महामंत्री बने**

## युवा क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाई पृथ्वीराज चौहान की जयंती



पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाते हुए क्षत्रिय समाज के नागरिक।

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना मार्ग स्थित ग्राम बसेड़ा कुंवर के क्षत्रिय समाज के युवाओं ने वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर पृथ्वीराज चौहान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस दौरान शीतल शरबत का वितरण भी किया गया। युवा भाजपा नेता सौरभ ठाकुर ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी को हराकर क्षमादान दे दिया था। इसके बावजूद भी मोहम्मद गौरी ने कन्नौज के राजा जयसिंह के साथ मिलकर पृथ्वीराज चौहान को बंधक बना लिया और उनकी आंखें फोड़ दी थी। परंतु शब्द भेदी बाण में माहिर पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गौरी को मार कर बदला लिया था। सौरभ ठाकुर ने कहा कि हमें इस प्रकार के महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विपिन प्रधान, देव चौधरी, अमित चौहान, सौरभ ठाकुर, शेखर तडकियां, यश चौहान, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## खुला नहटौर रेलवे फाटक, जनता को मिली राहत

**धामपुर (चिंगारी)।** रेलवे विभाग द्वारा किये जा रहे कंप्लीट ट्रैक रिनुवल कार्य के कारण नहटौर रेलवे फाटक काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। परंतु अब रेलवे विभाग ने रेलवे लाइन के निकट इंटरलॉकिंग बिछाने के बाद फाटक को खोल दिया है । परंतु रेलवे की लाइनों पर सड़क का निर्माण नहीं किया गया है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन रोडा पथरी में फंस कर जा रहे हैं। रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर आलोक रंजन ने बताया कि जैतरा और नहटौर रेलवे फाटक की लाइनों की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। नहटौर रेलवे फाटक खुलने से उप जिलाधिकारी कार्यालय, तहसील, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग के दफ्तर जाने वाले लोगों को भारी राहत महसूस हो रही है। इसके अलावा अब जैतरा रेलवे फाटक पर भी वाहनों का लोड कम हो गया है।

## मेधावी छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान होगा



नरेश वत्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

**धामपुर (चिंगारी)।** रविवार को महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के ग्राम जैतरा स्थित आवास पर आयोजित बैठक में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के सम्मानित वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार ओमप्रकाश सिंह एवं डॉ. महेंद्र सिंह को अधिकृत किया गया। बैठक में शोभा राजपूत, नरेश वत्स, टीकम सिंह, बेघराज सिंह, चंद्रभान सिंह गहलौत, मीनू सिसोदिया, प्रभात चन्द्र सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अच्छे कार्य के लिए जिला कार्यकारिणी के नरेश वत्स (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को स्वाभिमान शौर्य दिवस स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## धारी देवी पर्यटन सर्किट एवं राहू मंदिर के निर्माण कार्यों में तेजी लायें : धन सिंह

**देहरादून (चिंगारी)।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन धारीदेवी-कमलेश्वर-देवलगढ़-खिर्सू- क्यूंकलेश्वर-पौड़ी पर्यटन सर्किट के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही पैठाणी स्थित राहु मंदिर के कार्यों को भी युद्ध स्तर पर करने को कहा गया है ताकि देश-विदेश के पर्यटक यहां के पर्यटन सर्किट का लुत्फ उठा सके। सूबे के कैबिनेट मंत्री व श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने पैठाणी स्थित राहु मंदिर व धारीदेवी-कमलेश्वर-देवलगढ़-खिर्सू- क्यूँकलेश्वर-पौड़ी पर्यटन सर्किट के विकास कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व हिलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डॉ. रावत ने पैठाणी स्थित राहु मंदिर परिसर में घाट निर्माण, पार्किंग व हैलीपैड के निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने धारी देवी, देवलगढ़, खिर्सू व कण्डोलिया पौड़ी पर्यटन सर्किट को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धारी देवी, खिर्सू, क्यूंकालेश्वर व कण्डोलिया के कार्य लगभग पूर्ण कर दिये गये हैं। जबकि कमलेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार का कार्य गतिमान है, इसी प्रकार देवलगढ़ में भी पर्किंग हेतु भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया श्याम आराधना महोत्सव




भजन प्रस्तुत करते हुए गायिका।

**धामपुर (चिंगारी)।** बीती देर शाम नगीना रोड स्थित रामलीला ग्राउंड में श्री श्याम नवयुवक सैनी संगठन (रजि.) धामपुर द्वारा श्री श्याम आराधना पंचम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वयं श्री श्याम बाबा रहे। महोत्सव पुरोहित पंडित गौरव भारद्वाज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन से प्रारंभ किया, जिसमें 07 विवाहित जोड़ों खेमचंद सैनी-निशा, रोहित सैनी-पिंकी, ललित कुमार-निशा, आकाश पुंडीर-स्नेहा, विपिन कुमार-वार्षिका, गौतम कुमार-पूनम व नौबाहर कुमार-नीशू ने पूजन कराया। धामपुर के विधायक अशोक कुमार राणा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ जोत प्रज्वलित की गई। यह अखण्ड ज्योत रोहित सैनी द्वारा खाटू श्याम जी के दरबार से लाई गई। इसके बाद मां कालियावाला मंदिर से होते हुए रामलीला ग्राउंड खाटू श्याम के दरवार में अखंड ज्योत को विराजमान किया गया।

महोत्सव में भजन गायिका अंजलि द्विवेदी नाथ नगरी बरेली, प्रेरणा आर्य नूरपुर (बिजनौर) व गजरौला मिंटू मस्ताना ने देर रात तक बाबा खाटू श्याम के भजन सुना कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर बाबा खाटू श्याम की मूर्ति का अलौकिक श्रृंगार किया गया। 56 भोग, श्याम रसोई, पुष्प वर्षा, भव्य दरवार व इत्र वर्षा भी की गई। कार्यक्रम में विधायक अशोक कुमार राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता सहित अनेक संगठनों व नितिन सैनी ज्वैलर्स, नरेश सैनी कैटर्स, बब्लू सैनी कैटर्स, मुन्नालाल कैटर्स को भी सम्मानित किया गया।

# भाजपा सरकार का पतन क़रीब- अजय राय






अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उर्फ लल्लू ने कहा कि अब प्रदेश व देश में संविधान के अनुसार ही आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए पूरे देश में कांग्रेस ने कमान संभाल ली है और पूरे देश में दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ों, किसानों व बेरोजगारों के अधिकारों की लड़ाई के लिए कांग्रेस हर कुर्बानी देने के लिए तैयार है।

श्री अजय राय उर्फ लल्लू बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संविधान संवाद सम्मेलन के उपलक्ष्य में आयोजित एक विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के हर जाति व धर्म के लोगों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद भीड़ को देखकर गदगद हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राज उर्फ लल्लू ने कहा कि अब धर्म-जाति विशेष की राजनीति करने वाली भाजपा उसके सहयोगी दलों के दिन करीब हैं और प्रदेश में 2027 व देश में 2029 में होने वाले आम चुनाव में जनता भाजपा व उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाकर कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को सत्ता में बैठाने के लिए आतुर है। उन्होंने सम्मेलन के संयोजक ठा. उत्तम सिंह चौहान द्वारा कराये गये इस अभूतपूर्व सम्मेलन में उमड़ी भीड़ के मद्देनजर प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद बिजनौर के विधानसभा क्षेत्रों में भी इस प्रकार के सम्मेलन कर जनजागरण अभियान चलाकर आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा क्षेत्र के चुनाव में मजबूत उम्मीदवारों का चयन किया जायेगा।

## विधानसभा स्तरीय संविधान संवाद सम्मेलन

सम्मेलन में प्रदेश की पूर्व राज्यमंत्री पूर्व सांसद व पूर्व विधायक व प्रदेश के दलित कद्दावर नेता पूर्व आईएस अधिकारी श्री आरके सिंह की पत्नी श्रीमती ओमवती के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये गए तथा क्षेत्र के दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नियों श्रीमती प्रीतम कौर व श्रीमती लता देवी को भी सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन में कांग्रेस के प्रदेश संयोजक प्रदीप नरवार, प्रदेश महामंत्री अवनीश पांडे, प्रदेश के पूर्व एमएलसी सुधीर पराशर, कांग्रेस निष्ठावान कार्यकर्ता मा. जेके जैन, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह चौहान, हाजी अहसान, डा. हुमांयु बेग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रियासत हुसैन अंसारी, नगरध्यक्ष अज़ीम अंसारी, ब्लाकाध्यक्ष मा. इश्हाक अंसारी, ग्राम प्रधान पति मेघपुर रिजवान, नावका के ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक आदि ने विचार व्यक्त किये।

# घर में घुसकर पांच लाख की चोरी



घर में बिखरा पड़ा सामान।

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के सोने के आभूषण व कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय घर पर कोई सदस्य मौजूद नहीं था।

ग्राम मकसूदाबाद निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि उनके भतीजे की तबीयत खराब होने पर वह धामपुर के एक निजी अस्पताल में थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे। उनके पिता घेर में सो रहे थे। इसी दौरान चोर मकान में घुसकर वारदात को अंजाम दे गए। देर रात हुई वारदात में चोर अंगूठियां, गले की चेन, पेंडल समेत करीब साढ़े पांच लाख रुपये का सामान ले गये हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र राठी का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# एसआई कमरुल हसन खां को भावभीनी विदाई



एसआई कमरुल हसन खान को भावभीनी विदाई देते सहयोगी पुलिसकर्मी।

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र में तैनात एसआई कमरुल हसन खां का जनपद अमरोहा के लिए स्थानांतरण हो गया है। शनिवार को थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी एवं एसएसआई श्रीपाल सिंह सहित साथी उपनिरीक्षकों एवं पुलिसकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। साथियों से विदा लेते हुए भावुक हुए कमरुल हसन खां ने कहा कि यहां के साथी स्टाफ व क्षेत्र की जनता का प्यार उन्हें हमेशा याद रहेगा। विदित हो कि मूल रूप से जनपद पीलीभीत निवासी कमरुल हसन खां काफी पहले भी थाना अफजलगढ़ में सिपाही के पद पर कार्य कर चुके थे। तत्पश्चात उपनिरीक्षक पद पर प्रौन्नत होने उपरांत वह पुन: कोतवाली अफजलगढ़ में नियुक्त किए गए थे।

# रेहड़ पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान



कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार रेहड़ पुलिस ने रविवार की शाम बादीगढ़ चौराहे पर संघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा के नेतृत्व में मौजूद रेहड़ पुलिस टीम ने यहां से गुजर रहे प्रत्येक वाहन को रोका और उसकी संघन चैकिंग की। इस संबंध में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ व कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार यह संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# अनियंत्रित हुई बाइक खाई में गिरी, चालक की मौत

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम मानियावाला में बनेली नदी के पुल के पास अफजलगढ़ की ओर से जा रहा एक बाइक सवार बाइक के अचानक अनियंत्रित हो जाने से बाइक सहित सड़क के एक ओर गहरी खाई में जा गिरा। हादसा देख राहगीर रुके और स्थानीय पुलिस टीम को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची अफजलगढ़ पुलिस उसे सीएचसी अफजलगढ़ ले गई, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान प्रभाकर सिंह ( 27 वर्ष ) पुत्र मल्लू सिंह निवासी भरतपुर थाना कुंडा, जनपद उधमसिंहनगर ( उत्तराखंड ) के रूप में हुई। सूचना के बाद मृतक के परिजन यहां पहुंचे। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया गया है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व पब्लिक।

# रेत में फंसे रेस्क्यू वाहन को हाथी ने बाहर निकाला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। बीमार बाघ को रेस्क्यू सेंटर ले जाते समय जंगल के कच्चे रास्ते में रेस्क्यू वाहन मिट्टी और रेत में धंस गया। काफी प्रयास के बाद भी वाहन बाहर नहीं निकल सका तो विभागीय टीम ने प्रशिक्षित हाथी की मदद से ट्रक को गड्ढे से बाहर निकाला।**

जानकारी के अनुसार हाल ही में रेस्क्यू किये गये अस्वस्थ बाघ को विभागीय टीम वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर ले जा रही थी। बाघ को ट्रैंकुलाइज कर पिंजरे में रखा गया था। दुर्गम रास्ते में वाहन के पहिए धंसने से टीम की चिंता बढ़ गई, क्योंकि बाघ को होश में आने से पहले सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना जरूरी था। ऐसे में तत्काल प्रशिक्षित हाथी को मौके पर बुलाया गया।

वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा ने बताया कि जंगलों के भीतर रेस्क्यू अभियानों में आज भी हाथियों की भूमिका बेहद अहम है और कठिन परिस्थितियों में उनका कोई विकल्प नहीं है। वर्तमान में कार्बेट में 14 पालतू हाथी-हथिनी तैनात हैं, जो गश्त और रेस्क्यू कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



वाहन को धक्का लगाता हाथी।

# 14 महीने बाद मिली पहचान, अब मुआवजे का इंतजार!

**नितिन दिनेश कौशिक**


**अफजलगढ़( चिंगारी )।** सीमावर्ती क्षेत्र कालागढ़ में बाघ के हमले में मारे गए केंद्रीय कॉलोनी निवासी भारत पुत्र जगतराम गुप्ता की पहचान करीब 14 महीने बाद डीएनए रिपोर्ट से होने के बाद अब परिजनों को वन विभाग से मिलने वाले मुआवजे का इंतजार है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मृतक के परिजनों को मुआवजा कब मिलेगा और कितनी राशि दी जाएगी।



फाइल फोटो भारत गुप्ता।

जानकारी के अनुसार घटना के समय उत्तराखंड सरकार की वन्यजीव-मानव संघर्ष राहत वितरण नियमावली के तहत बाघ या अन्य जंगली जानवर के हमले में मौत होने पर छह लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान था। बाद में नवंबर 2025 में सरकार ने इस राशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया था। ऐसे में अब चर्चा इस बात को लेकर है कि भारत गुप्ता के परिजनों को पुरानी दर से मुआवजा मिलेगा या नई बढ़ी हुई राशि के अनुसार। डीएनए रिपोर्ट में पहचान की पुष्टि होने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की नजर अब वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

कालागढ़ स्थित हाथी कैंप के समीप क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई थी। मौके पर बाघ के पंजों के निशान और शव घसीटे जाने के चिन्ह मिलने के बाद बाघ के हमले की आशंका जताई गई थी। सिर की हालत बेहद खराब होने के कारण तत्काल पहचान संभव नहीं हो सकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस और स्थानीय लोगों ने आशंका जताई थी कि यह सिर केंद्रीय कॉलोनी कच्चा प्लॉट निवासी भारत पुत्र जगतराम गुप्ता का हो सकता है, जो घटना से करीब एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी कालागढ़ थाने में दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीमों ने जंगल क्षेत्र में शव के अन्य हिस्सों की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय बाद आई डीएनए रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि मिली मानव खोपड़ी भारत गुप्ता की ही थी।



क्षत-विक्षत मिली भारत गुप्ता की खोपड़ी।

**क्षत-विक्षत अवस्था में मिली मानव खोपड़ी भारत गुप्ता की ही है। डीएनए जांच में यह बात साफ हो गई है भारत की बाघ के हमले में मौत हो गई थी।**

-संजीव ममगई, कालागढ़ थानाध्यक्ष

**सर्वप्रथम यह देखना होगा कि मृतक की पीएम रिपोर्ट में बाघ के हमले में मृत्यु पाई गयी है कि नहीं। इसके बाद ही इस पर कुछ विचार किया जा सकता है। जिसे प्राथमिकता से दिखाया जाएगा।**

-डॉ. साकेत बडोला, डायरेक्टर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

**मृतक भारत गुप्ता के परिजनों की ओर से कालागढ़ रेंज ऑफिस में मुआवजे के लिए प्रार्थना-पत्र पहुंचा दिया गया है, जिस पर विभाग द्वारा विचार किया जा रहा है। यदि जांच पूरी होने के बाद विभाग द्वारा मुआवजा दिया गया तो वह पुरानी दर के हिसाब से दिया जाएगा जो घटना के वक्त प्रावधान था।**

-अमित ग्वासी कोटी, उपप्रभागीय वन अधिकारी कालागढ़




## पर्यावरण संरक्षण अभियान

# अगर समाज हो संवेदनशील, तो पर्यावरण को कर सकते हैं गुडफिल

**प्रस्तुति : मोहित कर्णवाल, मण्डावली**

जलावन के लिए काटी जाने वाली लकड़ी को संरक्षित कर पर्यावरण संरक्षण में करें सहयोग। परंपरागत रूप से अक्टूबर के महीने में जलावन के लिए लकड़ी काटी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं झुंड बनाकर निकलती हैं और सड़क किनारे खड़े छोटे-छोटे पेड़ों के तने (कल्ले) काटकर चूल्हे पर खाना बनाने के लिए लाती हैं। जून के महीने से बरसात का मौसम शुरू हो जाता है। बरसात के मौसम में सड़क किनारे कई प्रकार के पौधे उग जाते हैं, जैसे- शीशम, पापड़ी, ढ़ांक, पलास, लिपटिस आदि अन्य प्रकार के छायादार पौधे होते हैं जो धीरे- धीरे ये पौधे एक पेड़ के रूप में विकसित होने लगते हैं। जैसे ही ये पांच से छः फिट तक होते हैं, और इनके तने (कल्ले) एक से दो इंच के होते हैं, तभी इन्हें जलावन की लकड़ी के लिए काट दिया जाता है और अगले लगभग 6 महीनों के लिए लकड़ी को संरक्षित कर दिया जाता है। इन पेड़ों की ग्रोथ को रोक दिया जाता है। जलावन की लकड़ी के लिए उसको काटा जाता है जिस कारण सड़क किनारे पेड़ विकसित नहीं हो पाते हैं। हर वर्ष यही प्रक्रिया दोहराई जाती है। सड़क किनारे लगातार पेड़ों की संख्या का कम होना ये प्रमुख कारण है। सरकार के द्वारा चलाई गई उज्वला योजना से भी काफी सुधार आया है, लेकिन परंपरागत रूप से अभी भी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं लकड़ी जलाकर चूल्हे पर खाना बनाना ज्यादा पसंद करती हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई परिवार आज भी लकड़ियां जलाकर चूल्हे पर ही खाना बनाते हैं। पेड़ से लकड़ियां न काटें, जो लकड़ियां पेड़ से टूटकर गिर जाती हैं उन्हीं लकड़ियां को जलावन के काम में लाएं और पर्यावरण को संरक्षित करें।



### शादी में नवदंपति को एक पौधा भेंट कर नई पहल शुरू की

नमो फाउंडेशन की ओर से शादी के निमंत्रण पर पहुंचकर नवदंपति को शुभकामनाएं देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधा भेंट कर उसको घर में लगाने के साथ उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

-सुशील राजपूत
संस्थापक नमो फाउंडेशन, साहनपुर, नजीबाबाद

### पीपल के पेड़ में आस्था, फिर भी भ्रांतियां

हिंदू समाज में मंदिर परिसर में लगे पीपल के पेड़ की श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। लेकिन समाज में कहीं न कहीं पीपल के पेड़ को लेकर भ्रांतियां हैं। जैसे कहते है कि इस पीपल के पेड़ पर भूतों का वास होता है जो कि एक भ्रांति फैलाता है। एक ओर आस्था, दूसरी और भ्रम, इसलिए भी पीपल और पिलखन के पेड़ कम दिखाई देते हैं।

### अपने अंतिम संस्कार के लिए जरूर लगाएं पेड़

आदमी को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ जरूर लगाने चाहिएं, क्योंकि आदमी को मरणोपरांत अंतिम संस्कार के लिए कम से कम पांच कुंतल लकड़ी की जरूरत पड़ती है, इसलिए समाज में पर्यावरण के संरक्षण के लिए न सही अपने लिए तो पेड़ लगा सकते हैं।

-मनोज कुमार
कार्यकर्ता, नमो फाउंडेशन, नजीबाबाद



### कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएं

सभी को अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। अपने जन्मदिवस, शादी उत्सव, शादी सालगिरह या अन्य किसी भी आयोजन पर एक पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

### नीम के पेड़ की ग्रोथ होती है धीरे-धीरे, उसकी टहनियों को न तोड़ें

नीम का पेड़ एक औषधि का पेड़। नीम के पेड़ का हमारे जीवन में बहुत महत्व है, वैसे तो हर पेड़ का महत्व हमारे जीवन में किसी न किसी रूप में है। लेकिन नीम के पेड़ को हम औषधि के रूप में प्रयोग में लाते हैं जैसे, दातुन करने के लिए, शुगर लेवल को कम करने में व अन्य कई प्रकार के रूप में हम नीम के पेड़ की टहनी और पत्ते प्रयोग में लाते हैं। नीम के पेड़ पहले की अपेक्षा अब कम दिखाई देते हैं। इसका कारण है, घर में आंगन में जगह का न होना। सड़क किनारे नीम के जो पेड़ लगाए जाते हैं। उसकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया जाता है। जब ये पेड़ धीरे-धीरे बड़ा होता है, लगभग चार फीट के बाद देखा जाता है कि जो लोग सुबह घूमने निकलते हैं ज्यादातर लोग दातुन करने के लिए नीम के पेड़ की टहनी तोड़ लेते हैं और सड़कों पर घूमते आवारा पशु भी नीम के पेड़ को नुकसान पहुंचाते हैं। टहनी टूटने के बाद नीम के पेड़ की ग्रोथ रुक जाती है और धीरे-धीरे ये पेड़ सुख जाता है।

### आयोजित की जाती है 'पर्यावरण पाठशाला'

नमो फाउंडेशन की और से पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए स्कूल, कॉलेज में पर्यावरण पाठशाला आयोजित की जाती है, जिसमें पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए विद्यालय स्टाफ के साथ छात्र, छात्राओं को प्रेरित किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए, क्योंकि वास्तव में युवा पीढ़ी ही समाज में परिवर्तन ला सकती है। समाज को एक नई दिशा मिल सकती है।

-रवींद्र काकरान कोषाध्यक्ष, नमो फाउंडेशन, नजीबाबाद



# आधुनिक तकनीक से किसानों को खेती करने के लिए जागरूक किया

**नजीबाबाद/मंडावली ( चिंगारी )।** विशाल भारतीय किसान यूनियन की शाखा बिजनौर द्वारा सिंह फार्म हाउस ग्राम मुस्सेपुर मंडावली में एक किसान सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जसवीर सिंह तेवतिया जिला कृषि अधिकारी बिजनौर, विशिष्ट अतिथि केके सिंह कृषि वैज्ञानिक, डॉ. पिंटू शर्मा कृषि वैज्ञानिक, कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना, प्रोफेसर वीके सिंह सेवानिवृत प्राचार्य/कृषि विशेज्ञय आरएसएम महाविद्यालय धामपुर व आकाशवाणी नजीबाबाद के उद्घोषक कृषि जगत हिमांशु रंजन ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें खिराजे अकीदत पेश कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथिगण को मोमेंटो देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने खरीफ की फसल, जैविक खेती, खाद व कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक तकनीक से किसानों को खेती करने के लिए जागरूक व प्रेरित तथा प्रोत्साहित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। विशाल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस विशाल एडवोकेट ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विशाल भाकियू किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए किसानों की प्रशासनिक अधिकारियों व सरकार के समक्ष समय समय पर आवाज उठाती रहेगी। प्रशासन के बीच सेतु के रूप में कार्य कर किसानों की समस्याओं का कानून के माध्यम से निराकरण करने में सहयोग करेगी। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिकों केके सिंह, डॉ. पिंटू शर्मा, वीके सिंह, हिमांशु रंजन उद्घोषक आकाशवाणी नजीबाबाद सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त कर जैविक खेती पर जोर देते हुए कम खाद प्रयोग करने व नई रिसर्च तकनीक से खेती करने पर बल दिया। कार्यक्रम में विशाल भारतीय किसान यूनियन के गौरव सिंह गहलौत अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश, डॉक्टर आकाश कुमार प्रदेश महासचिव, एम अहमद महासचिव संगठन, देशराज जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, रवि प्रकाश जिला अध्यक्ष अनु. मोर्चा, वसीम अहमद जिलाध्यक्ष, रोहिताश सिंह सैनी, नजाकत अली एड., रिजवान आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस विशाल एडवोकेट एवं संचालन सुरेश आर्य ने किया।



किसान सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते हुए।

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के कुमकुम बैंक्वेट हॉल में आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 व 12 के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धामपुर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लीना सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ जिला महिला कल्याण अधिकारी सुश्री रबिता राठी, संस्था अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. हिमांशु मिश्रा, सचिव प्रांशत कुमार, हाईकोर्ट के पूर्व जज मौ. आदिल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित कर उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।



# पिया के आंगन के बजाये प्रेमी की चौखट रास आ रही

**अश्मनी विश्नोई**

**स्योहारा ( चिंगारी )।** भगवान को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर सात जन्मों तक पति का साथ निभाने का वादा करने वाली पत्नियां पतियों के साथ कुछ ही कदम चलकर प्रेमी का हाथ थाम रही हैं। पिया के आंगन के बजाये उन्हें प्रेमी की चौखट रास आ रही है। इस वर्ष चौकाने वाले ऐसे कई मामले सामने आये हैं। बाबूल की पंसद छोड़ पत्नीयां अपने प्रेमियों के साथ जीवन गुजारना पसंद कर रही हैं। पतियों को दिये सात जन्मों साथ देने के वादे से दूर पत्नीयां ग्रहस्थ जीवन में फेल हो रही हैं। कुछ ही दिन साथ चलने के बाद वे पति का दामन छोड़ रही हैं। प्रेम के उल्लास में शादी का मजबूत बंधन दम तोड़ रहा है। क्षेत्र में कई विवाहिताएं खुशीयों से भरी ग्रहस्थी छोड़ प्रेमी का दामन थाम चुकी हैं।



### केस नम्बर 1

**ग्राम हिरनपुरा निवासी एक युवती की शादी को दो सप्ताह ही बीते थे कि उसको प्रेमी की याद आयी और पति को छोड़ प्रेमी के पास चली गयी। परिजनों के समझाने पर भी नहीं मानी और पति को बीच मंझदार में छोड़ पत्नी ने प्रेमी का दामन थाम लिया ।**

### केस नम्बर 2

ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित एक ग्राम में एक विवाहिता को शादी के एक साल बाद एक अन्य युवक से प्रेम जगा तो वह 16 मई को अपने पति परमेश्वर को छोड़कर प्रेमी संग चली गयी। पति के संग बिता रही खुशीयों के पलों को तिलांजलि देकर ग्रहस्थ जीवन की परीक्षा में फेल हो गयी। पत्नी पर समाज एवं अग्नि के समक्ष लिए सात फेरे कमजोर पड़ गये।

### केस नम्बर 3

क्षेत्र के गांव गुरदासपुर में वर्ष 2011 को बहु बनकर आयी महिला ने 15 वर्षो बाद अपने पति का आंगन छोड़ प्रेमिका का हाथ थाम लिया, जिसे 13 वर्ष के बेटे और 6 वर्ष की बेटी का मोह भी उसे नहीं रोक पाया। आगरा निवासी प्रेमी के साथ चली गयी। पति-पत्नी का रिश्ता प्रेमी के प्रेम के आगे फेल हो गया।

## आज का विचार

# सूनी छत : गुमसुम दीवारें



-सत्यराज

आर्थिक रूप से निरंतर विकसित हो रहे समाज के छोटे-बड़े शहरों की गलियों में एक से बढ़कर एक कीमती और सुंदर मकान देखने को मिल जाते हैं। परिवारों की तरह इन मकानों की भी अपनी एक कहानी होती है, कुछ मकान हंसते खिलखिलाते दिखाई देते हैं तो कुछ उदास एक श्रृंगारयुक्त महिला की तरह खड़े दिखाई देते हैं।

इन अत्यधिक शैली के मकानों की भीतरी दुनिया इतनी एकाकी होती जा रही है कि उनकी छत सूनी और दीवारें गुमसुम रहने लगी हैं। समय से भी तेज गति से छोटे से छोटे होते जा रहे परिवार और आर्थिक स्तर पर अधिक से अधिक पैसा कमाने की चाह में परिवार एकाकी होते जा रहे हैं। करोड़ों के मकान में एक से दो-तीन सदस्य रहते हैं, जिन्हें अपनी भौतिक यात्रा की व्यस्तता के चलते घर में ज्यादा वक्त रहने अथवा मां-बाप, पत्नी-बच्चों के साथ समय बिताने अथवा सुख-दुःख साझा करने का समय ही नहीं मिलता। धीरे-धीरे ये व्यवहार हमारी दिनचर्या बन जाती है और हम कीमती मकान में धर्मशाला की तरह बस खाना खाने और रात्रि विश्राम के लिए आते हैं। पहले कालखंडों से तुलना करें तो तमाम रिश्तों से लबरेज हमारे घरों में हंसी-ठिठौली, कहानी-किस्से हवा में तैरते रहते थे, जो छतों का सुनापन और दीवारों की उदासी को खुद ही दूर कर देते थे, लेकिन परिवारों और रिश्तों की मौलिक मधुरता धीरे-धीरे अतीत के थके यात्री की तरह पीछे छूटती जा रही है। तब क्या कोई समाधान हो सकता है.... बिल्कुल हो सकता है, बशर्ते हम उस अधूरेपन को दूर करने के प्रयास करें। सर्वप्रथम परिवार को न्यूनतम संख्या तक पहुंचने से बचाएं।

आजकल केवल एक ही बच्चा पैदा करने का फैशन हमारे आधुनिक समाज के युवाओं में बढ़ रहा है। कम से कम दो बच्चों से युक्त परिवार जरूर होना चाहिए, बच्चों के रूप में बहन-भाई होंगे तो सोने पर सुहागा रहेगा, क्योंकि मामा, बुआ जैसे रिश्ते भी बच रहेंगे और हमारे परिवारों के परंपरागत मौलिकता भी बची रहेगी। बूढ़े माता-पिता को साथ रखकर उनकी सेवा करोगे तो आपके बच्चों में भी वे सेवा संस्कार पैदा होंगे जो आपके बूढ़े होने पर आपके ही काम आएंगे और हमारा प्राचीन पारिवारिक संविधान भी बचा रहेगा। एक और पहलू है, लोगों ने आजकल अपने खून के रिश्तों के परिवारों में ही आना-जाना लगभग छोड़ दिया है, केवल सुख-दुःख में ही आते-जाते हैं। देर हो जाए इससे पहले इस प्रवृत्ति को रोकिए, किसी को पहले अपने घर बुलाइए, फिर आप उसके घर भी जाइए। आप देखेंगे एक सामान्य से मकान की छत और दीवारें भी महंगे मकान की तरह मुस्कुराती दिखाई देने लगेंगी।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

## दून में केन्द्र सरकार का पुतला फूंककर जताया विरोध



**देहरादून ( चिंगारी )।** बढ़ती महंगाई और पेट्रोल डीजल की बढ़ाई गई कीमतों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने रविवार को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जनों ने खाद्य पदार्थों व पेट्रोल डीजल के दामों में होती बढ़ोतरी के खिलाफ देहरादून के एस्ले हॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेसियों का आरोप है कि सरकार की कुनीतियों की मार आम जनता को भुगतनी पड़ रही है। पहले रसोई गैस के दाम बढ़ाए गए, और फिर डीजल पेट्रोल के दामों में इजाफा कर दिया गया है। ऊपर से महंगाई की मार से जनता पहले से ही त्रस्त है। प्रधानमंत्री अपने विदेश दौरे पर व्यस्त हैं। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जसविंदर गोगी ने कहा आज महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। गैस के बढ़ाये गये दामों से आम जनता पहले से ही परेशान थी, उसके बाद पेट्रोल डीजल के दामों में वृद्धि करके सरकार ने आम जनमानस की कमर तोड़ दी है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरेंद्र बिष्ट ने कहा इस समय पूरा देश महंगाई से त्रस्त है। उत्तराखंड प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। पिछले दिनों सरकार ने घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि करके आम आदमी के ऊपर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया था। बिष्ट ने कहा खाद्य तेल, और अन्य खाद्य सामग्रियों की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने अपने-अपने स्तर से महंगाई में वृद्धि की है। उन्होंने कहा अब यही चारा बच गया कि सरकार की इन कुनीतियों का विरोध सड़कों पर उतरकर किया जाए। इसलिए आज कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर जिला और नगर कांग्रेस कमेटियों विभिन्न जनपदों में भाजपा सरकार का पुतला दहन किये जाने का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने कहा कांग्रेस आम जनता की आवाज है। उन्होंने कहा जनता की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी।

मसूरी में केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मसूरी के पिक्चर पैलेस चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला दहन किया।

# ‘अतिथि देवो भव’ के मूल मंत्र को चरितार्थ कर रही दून पुलिस

## चारधाम यात्रा पर आए बुजुर्ग यात्री का खोया बैग लौटाकर पेश की ईमानदारी और संवेदनशीलता की मिसाल



**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान एक बार फिर उत्तराखंड पुलिस ने अपनी संवेदनशील कार्यशैली और तत्परता से ‘अतिथि देवो भव’ की भावना को साकार किया है। दून पुलिस ने त्रिवेणी घाट क्षेत्र में खोए हुए एक बुजुर्ग यात्री के कीमती सामान से भरे बैग को खोजकर सुरक्षित वापस सौंपा, जिसके बाद यात्री ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दिनेश बेलजी पवानी पुत्र स्वर्गीय वेलजी अर्जन पवानी, उम्र 74 वर्ष, मूल निवासी भुज कच्छ गुजरात एवं वर्तमान निवासी मस्कट, ओमान का बैग त्रिवेणी घाट क्षेत्र में कहीं खो गया है। बताया गया कि बैग में कीमती ज्वेलरी, नकद धनराशि तथा जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई।

पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए त्रिवेणी घाट क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर जरूरी जानकारी जुटाई। लगातार प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के चलते पुलिस ने अल्प समय में ही खोया हुआ बैग बरामद कर लिया। बैग को सुरक्षित तरीके से बुजुर्ग यात्री के सुपुर्द किया गया। बैग की जांच करने पर उसमें रखा पूरा कीमती सामान सुरक्षित मिला।

अपना खोया हुआ सामान वापस मिलने पर दिनेश बेलजी पवानी ने खुशी जाहिर करते हुए उत्तराखंड पुलिस की त्वरित कार्यवाही और ईमानदार कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने दून पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड पुलिस यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है।

# सेवा भारती के सेवा कार्यों से बदल रहा समाज का दृष्टिकोण : डॉ. शैलेन्द्र




**देहरादून ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तराखंड प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि समाज के उपेक्षित, वंचित और अभावग्रस्त वर्गों के उत्थान के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सेवा भारती शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वावलंबन के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

सर्वे चौक स्थित आईआरडी सभागार में आयोजित सेवा भारती देहरादून महानगर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि सेवा और संवेदना के कार्यों से समाज की सोच बदलती है तथा सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। उन्होंने घुमंतू समाज, झुग्गी-बस्तियों और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर सेवा कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सुरेखा डंगवाल ने कहा कि भारतीय समाज की सबसे बड़ी विशेषता सामूहिक चेतना और सेवा भाव है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति परिवार और सामाजिक रिश्तों को महत्व देती है तथा सेवा का भाव हमारे संस्कारों में शामिल है।

इस दौरान बताया गया कि सेवा भारती वर्तमान में 84 बस्तियों में 109 सेवा केंद्र संचालित कर रही है, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में बाल संस्कार केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन सुनीता पाण्डेय और ऋतु सिंघल ने किया।

# वेद मंत्रों से गूंजा ओंकारेश्वर धाम, शुरू हुई द्वितीय केदार मदमहेश्वर के कपाट खुलने की पावन प्रक्रिया

## 19 मई को डोली होगी रवाना, 21 को खुलेंगे कपाट



**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** पंचकेदारों में द्वितीय केदार के रूप में विश्व विख्यात भगवान मदमहेश्वर धाम के कपाट खुलने की पावन प्रक्रिया शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विधिवत रूप से शुरू हो गई है। बूढ़ा मदमहेश्वर की तलहटी में सुरम्य मखमली बुग्यालों के मध्य विराजमान भगवान मदमहेश्वर धाम के कपाटोद्घाटन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह बना हुआ है। रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं वेद ऋचाओं के बीच भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव मूर्तियों को ओंकारेश्वर मंदिर के गर्भगृह से सभा मंडप में विराजमान कराया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भगवान मदमहेश्वर को नए अनाज का भोग अर्पित कर विश्व शांति, समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उक्त मूर्तियों के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।

ब्रह्म बेला पर विद्वान आचार्यों एवं वेदपाठियों द्वारा पंचांग पूजन के तहत विभिन्न देवी-देवताओं का आवाहन किया गया। रावल भीमाशंकर लिंग के नेतृत्व में प्रधान पुजारी बागेश लिंग एवं शिव लिंग ने भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं आरती संपन्न कराई। इसी अवसर पर रावल भीमाशंकर लिंग ने मदमहेश्वर धाम के प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग का आगामी छह माह तक धाम में पूजा-अर्चना करने हेतु वरण किया। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ भगवान मदमहेश्वर को नए अनाज का भोग अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली एवं विश्व कल्याण की कामना की।

भक्तों ने आज श्रद्धालु सभा मंडप में विराजमान चल विग्रह उत्सव मूर्तियों के दर्शन किये। इसके बाद 19 मई को भगवान मदमहेश्वर की उत्सव डोली ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना होकर डगवाड़ी, ब्राह्मणखोली, मंगोलचारी, सलामी, फापज, मनसूना, बुरुवा, राऊलैंक एवं उनियाणा सहित विभिन्न यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देती हुई प्रथम रात्रि प्रवास हेतु राकेश्वरी मंदिर रांसी पहुंचेगी। 20 मई को डोली रांसी से प्रस्थान कर गौंडार गांव पहुंचेगी, जहां अंतिम रात्रि प्रवास होगा। वहीं 21 मई को उत्सव डोली बनातोली, खटारा, नानौ, मैखम्भा एवं कूनचट्टी यात्रा पड़ावों से होते हुए मदमहेश्वर धाम पहुंचेगी। डोली के धाम पहुंचने पर भगवान मदमहेश्वर के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

# उत्साहपूर्वक मनाया विद्यालय का स्थापना दिवस




होनहार छात्रा को पुरस्कार स्वरूप साइकिल भेंट करते शिक्षक परवेज़ आदिल

**नगीना (चिंगारी)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी ने अपना 18वां स्थापना दिवस बेहद उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की स्थापित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक परवेज आदिल द्वारा इस वर्ष भी विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली होनहार छात्रा आयुषी राजपूत को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर एक साइकिल उपहार स्वरूप प्रदान की गई। आयुषी राजपूत ने कुल पूर्णांक 1000 में से 807 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय के शिक्षक परवेज आदिल ने हर वर्ष की भांति इस बार भी टॉपर बच्चे को आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु साइकिल भेंट की। इस अवसर पर सभी छात्रों में मिष्ठान (मिठाई) वितरण किया गया। मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और सभी छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी का समस्त स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने आयुषी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शिक्षक परवेज आदिल ने कहा 'ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सही मंच और प्रोत्साहन मिले, तो वे किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं। आयुषी की यह सफलता विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगी।'

### आयुषी ने गुरुजनों को श्रेय दिया

**सम्मान पाकर भावुक हुई छात्रा आयुषी राजपूत ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका निशा रानी, शिक्षक सौरभ शुक्ला, स्वाति वर्मा, रेनू रानी, संतोष देवी आदि उपस्थित रहे।**

# काली मां की मूर्ति खंडित की, हिन्दू समाज में रोष

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** टांडा साहूवाला मार्ग पर स्थित श्मशान घाट के प्रबंधक रघुनाथ सिंह पाल द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि श्मशान घाट में काली माता की मूर्ति स्थित है। रविवार को उन्हें मूर्ति खंडित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद जब उन्होंने श्मशान घाट जाकर देखा तो मूर्ति खंडित पड़ी हुई थी, जिसे किसी भारी वस्तु से खंडित किया गया था। घटना से हिंदू समाज में रोष व्याप्त हो गया। प्रबंधक रघुनाथ पाल का आरोप है कि इस घटना से पूर्व भी श्मशान घाट से सौलर प्लेट चोरी कर ली गई थी, जिसकी सूचना भी बढ़ापुर पुलिस को दी गई थी किंतु पुलिस द्वारा चोरों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इस बार मूर्ति खंडित कर शरारती तत्वों द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है। सूत्र बताते हैं कि बढ़ापुर पुलिस द्वारा नई मूर्ति मंगाई जा रही है, जिसे श्मशान घाट में स्थापित किया जाएगा।



# खेत में निराई-गुड़ाई कर रहे किसान पर गुलदार का हमला



**नूरपुर (चिंगारी)।** ब्लॉक के गांव रहटा बिल्लोच में खेत पर गए एक किसान पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए किसान को सीएचसी नूरपुर में भर्ती कराया गया है।

गांव रहटा बिल्लोच निवासी जाहिद हुसैन (55) वर्ष सोमवार की सुबह अपने गन्ने की निराई गुड़ाई करने के लिए खेत पर गए थे। इस दौरान खेत में पहले से ही मौजूद गुलदार ने जाहिद हुसैन पर हमला बोल दिया। गुलदार ने जाहिद के सिर व गले पर पंजों और दांतों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल होने का बावजूद जाहिद हुसैन ने हिम्मत नहीं हारी और वह शोर मचाते हुए गुलदार का मुकाबला करते रहे। शोर सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर वहां पहुंचे तथा जाहिद को गुलदार के चंगुल से बचाया। ग्रामीणों की भीड़ देखकर गुलदार गन्ने के खेतों में घुसकर गायब हो गया। गंभीर रूप से घायल हुए जाहिद को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। गुलदार के हमले के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण खेतों पर जाने से डर रहे हैं। इस संबंध में चांदपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी दुष्यंत कुमार का कहना है कि उन्हें गुलदार के हमले की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से गुलदार पकड़े जाने तक सतर्कता बरतने की अपील की है।

# राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं पृथ्वीराज चौहान- साकेन्द्र




**मंडावर (चिंगारी)।** ग्राम सीमला खुर्द नई बस्ती में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं और जन-जन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सम्राट पृथ्वीराज की जयंती हमें उनके बलिदान और शौर्य को याद करने का अवसर देती है। इस अवसर पर रसिक चौहान ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान का जीवन हमें आत्मसम्मान और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहना सिखाता है। उनके मौ. गोरी के खिलाफ उनके संघर्ष आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुबे सिंह ने तथा संचालन वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रसिक चौहान ने किया। इस अवसर पर लालबहादुर कर्णवाल, संकित राठी, ग्राम प्रधान जगदीश कुमार, शिवराज चौहान, गौरव चौहान, यशपाल, चंद्रपाल मास्टर, शिवकुमार, गोविंद, कुंवरसेन चौहान, अरविंद अरुण चौहान, कृष्ण पाल, रवि कुमार, सुदेश कुमार, अतर सिंह, दिनेश कुमार, बलराम मौजूद रहे।

# 21 को सम्मानित होंगे मेधावी

**नांगल सोती (चिंगारी)। सामाजिक संस्था 'प्रेरणा' के द्वारा 21 मई को राजा भरत सिंह इंटर कालेज नांगल सोती के प्रांगण में 11 वां प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित कर मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा। संस्था के संरक्षक सुरेन्द्र सिन्हा, अध्यक्ष सुरेशचंद राजपूत तथा मंत्री मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा विगत दस वर्षों से माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज से सम्बद्ध क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयों के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के स्कूल टॉपर्स को सम्मानित किया जा रहा है।**

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में रहमान क्लब विजयी



बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए अतिथिगण।

**शेरकोट (चिंगारी)।** सामाजिक संस्था 'हम' वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित किये गए दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ ऑल सेंट स्कूल के डायरेक्टर शादाब खान और विसाल अहमद एडवोकेट द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शनिवार की रात से ऑल सेंट स्कूल में शुरू हुए टूर्नामेंट का पहला मुकाबला यूनिक क्लब (शोएब) और अरहम क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अरहम क्लब ने 9-11, 11-8 और 11-7 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में शेखान स्ट्राइकर (काशिफ) और शेखन फाइटर (जुहैब अली) के बीच कांटे की टक्कर हुई। संघर्षपूर्ण मुकाबले में शेखान स्ट्राइकर ने 9-11, 11-8 और 11-9 से जीत लिया। तीसरे मुकाबले में काज़ी क्लब (मिसबाह) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शेख क्लब को 11-5 और 11-6 से हराया। चौथे मैच में ब्रदर डिस्ट्रक्शन क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर.यू.एम क्लब को 11-9 और 11-6 से शिकस्त दी। पांचवें मुकाबले में स्मैश वेलोसिटी (अबुजर) और विश्वास क्लब (फाज़िल) को शिकस्त दी। नूर क्लब और लुकमान क्लब के बीच खेले गए छटे रोमांचक मुकाबले के अंतिम क्षणों लुकमान क्लब ने 11-7, 8-11 और 15-14 से विजय प्राप्त की। सातवें मुकाबले में हयात क्लब (डॉ. सोहराब) ने बादशाह क्लब (जीशान) को एकतरफा हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंतिम मुकाबला में इदरीसी क्लब (नदीम) और रहमान क्लब (फैज उर रहमान) के बीच खेला गया, जिसे रहमान क्लब ने अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका शरीक उस्ताद ने निभाई संचालन नदीम इदरीसी ने किया और कमेंट्री अब्दुल मुतल्लिब ने की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष मुहम्मद शादाब, इज़हार नबी, डा सोहराब, नबील अहमद, मौ. आसिम आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता के पति सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर कराया मुकदमा दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी विवाहिता मोनिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व विकास कुमार पुत्र सन्दीप कुमार के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति विकास ससुर सन्दीप व सास मधु रानी उसके साथ आए दिन गाली गलौच व मारपीट करते रहते है, जिसका पूर्व में कई बार फैसला हुआ है। पीड़िता का आरोप है कि रविवार को उसका पति दहेज में मिली चार पहिया गाड़ी को तोड़फोड़ रहा था। उसने जब पति को गाड़ी तोड़ने का कारण पूछते हुए तोड़फोड़ करने से रोकना चाहा तो तीनों ने मिलकर गाली गलौच करते हुए मेरे साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे उसकी आंख के पास काफी चोट आई है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## आखिरकार, पिंजरे में फंस ही गया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम इस्माईलपुर स्थित डायट में लगाये गये पिंजरे में गुलदार फंस गया, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार को चांदपुर स्थित वन कार्यालय पर ले आई। एक सप्ताह के भीतर तीसरा गुलदार पकड़े जाने से ग्रामीणों विशेषकर किसानों ने राहत की सांस ली है। ग्राम इस्माईलपुर के जंगल में पिछले काफी समय से गुलदार घूमते दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने इस सम्बन्ध में वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग ने गांव स्थित डायट में पिंजरा लगाया था। बीती रात गुलदार पिंजरे में कैद हो गया, आज सुबह ग्रामीणों को पिंजरे से गुलदार के गुर्राने की आवाज सुनाई दी तथा देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम पिंजरे में कैद गुलदार को चांदपुर स्थित कार्यालय पर ले आई। मालूम हो कि इससे पूर्व इसी सप्ताह में ग्राम तालिबपुर उर्फ तालमपुर में भी दो गुलदार पिंजरे में कैद हो चुके हैं।



# राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की नई कार्यकारिणी का होगा गठन जल्द : रवि कुमार प्रजापति



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा रजिस्टर्ड, बिजनौर के जिला उपाध्यक्ष रवि कुमार प्रजापति ने कहा कि जनपद बिजनौर में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन लगातार प्रजापति समाज को मजबूत करने और समाज के अधिकारों के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रजापति महासभा ने जितना कार्य प्रजापति समाज के उत्थान के लिए किया है, उतना आज तक किसी अन्य संगठन ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि जब से दारा सिंह प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं, तब से संगठन में पारदर्शिता बढ़ी है और संगठन के नाम पर चंदा उगाही तथा रसीद काटने जैसी गतिविधियों पर रोक लगी है। रवि कुमार प्रजापति ने कहा कि दारा सिंह प्रजापति ने समाज को नई दिशा और मजबूत नेतृत्व दिया है। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जनपद बिजनौर में अग्रणी संगठन के रूप में कार्य कर रही है तथा समाज के लोगों को जोड़ने का काम कर रही है।

## 'जिला अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश करूंगा'

**रवि प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में वह संगठन में जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन आगामी संगठनात्मक चुनाव में वह जिला अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे। संगठन और समाज जो भी निर्णय करेगा, वह उन्हें पूरी तरह स्वीकार होगा।**

## पत्रकार तारिक शेख के वालिद का इंतेकाल

**चांदपुर ( चिंगारी )। नगर के मुहल्ला मुफ्तीसराय निवासी पत्रकार तारिक शेख के वालिद मौ. जाहिद का कल शाम इंतकाल हो गया, उनकी आयु लगभग 75 वर्ष थी तथा वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके इंतकाल की खबर से उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वे अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ गये हैं। आज सुबह उनको सुपुर्देखाक कर दिया गया, उनकी तदफीन में सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।**

# राजकुमार भाटी के बयान से जाट समाज में आक्रोश

**चांदपुर ( चिंगारी )। जाट जागरण समिति ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देकर महिलाओ के विषय में अश्लील वक्तव्य देने वाले राजकुमार भाटी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की।**

समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए राजकुमार भाटी अपने सम्बोधनों में लगातार महिलाओं के विषय अश्लील व भ्रामक टिप्पणी कर समाज में असंतोष फैलाने का काम कर रहे हैं। कभी वह जातिगत अभद्र टिप्पणी करते है तो कभी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते है। हाल ही में दिल्ली की एक सभा में राजकुमार भाटी द्वारा जाट समाज व अन्य बिरादरियों के लिए अमर्यादित टिप्पणी की गई, जिसे जाट समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन देने वालों में डा. विकास तोमर, संरक्षक डा. नरेंद्र तोमर, डा. महेंद्र मलिक संयोजक डा. संदीप चौधरी, डा. कपिल कुमार, डा. सुयश चौधरी, विकल्प तोमर, एड. बादल तोमर आदि मौजूद रहे।



सीओ चांदपुर को ज्ञापन देते हुये डा. विकास तोमर व अन्य पदाधिकारी।

## विधायक ने किया होटल का उद्घाटन

**अल्हैपुर/धामपुर ( चिंगारी )। बीती शाम धामपुर-नहटौर रोड पर ग्राम ढक्का के पास होटल पैराडाइज का उद्घान विधायक अशोक राणा ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा धामपुर-नहटौर रोड पर कोई होटल व रेस्टोरेंट की सुविधा नहीं थी, जिससे देर-सवेर लोगों को ठहरने की परेशानी थी। होटल के स्वामी शैलेंद्र चौहान व रजत चौहान ने बताया कि होटल में ठहरने के लिए एयर कंडीशन कमरे व पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, हेमंत चौहान, अमर सिंह, सौरभ ठाकुर, नरेश भाटी, चंद्रशेखर चौहान, जयप्रकाश, शीशराम घनश्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।**

# विश्व डेंगू दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान




**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट एनजीओ एवं रामा एफएम 90.0 की टीम द्वारा ग्राम छितावर के सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों एवं ग्रामीणों को डेंगू से बचाव, सफाई के महत्व, आसपास पानी जमा न होने देने तथा समय पर उपचार कराने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कोर्डिनेटर नीलम वर्मा द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। टीम ने बच्चों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच ओआरएस का वितरण भी किया गया। डेंगू जागरूकता अभियान को सफल बनाने में रचना चौधरी, जितेंद्र कुमार, चंद्रमोहन आदि का योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।

# पीजी परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढ़ाया महाविद्यालय का गौरव

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा घोषित स्नातकोत्तर (पीजी) परीक्षा परिणाम में हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विशेष रूप से एम.एस.सी.जूलॉजी विभाग की छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन एवं शैक्षणिक प्रतिभा के बल पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। एम.एस.सी. जूलॉजी की छात्रा जुहा मुस्कान ने 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अफरीन अंसारी ने 68.9 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा सिदरा नाज़ ने 67.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह त्यागी व विभागाध्यक्ष डॉ. सरजीत सिंह ने छात्राओं की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों के सतत् मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत का परिणाम है।



Zuha Muskan 1st Position



Afreen Ansari 2nd Position



Sidra Naaz 3rd Position

## एक सप्ताह रहने के बाद जैन मुनि नजीबाबाद को पैदल रवाना

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में पिछले एक सप्ताह से विराजमान 108 श्री विव्रत सागर जी एवं 108 श्री विश्वार्थ सागर जी जैन समाज के बीच रहकर उन्हें धार्मिक क्रियो एवं मुनि की आहारचार्य के संबंध में संपूर्ण जानकारी देते हुए श्रावक बनाया और उनमें धर्म के प्रति आस्था जागते हुए उन्हें जैन धर्म पर अग्रसर किया। दोनों मुनि श्री आज नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नजीबाबाद के लिए पैदल-पैदल विहार कर गए। उनके विहार में जैन समाज के पुरुष महिलाएं बच्चे सब उत्साहपूर्वक उनके साथ-साथ चल रहे थे। मुनि श्री का विहार करने में अनिल जैन, सुनील जैन, आकाश जैन, गौरव जैन, निश्चल जैन, अविनाश जैन, अभिषेक जैन, हनी जैन सहित काफी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में एक निजी नर्सिंग होम में डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ने और उपचार के दौरान मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने नर्सिंग होम पहुंचकर हंगामा किया और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम अलादीनपुर निवासी 23 वर्षीय मोनिका पत्नी

## नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप

अरविंद को 14 मई को प्रसव के लिए स्योहारा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। उसी दिन महिला की डिलीवरी कराई गई। परिजनों के मुताबिक शुरुआत में सब कुछ सामान्य बताया गया, लेकिन 16 मई को महिला को अचानक प्राइवेट पार्ट में तेज दर्द और सूजन की शिकायत होने लगी। मृतका के देवर अंकित ने आरोप लगाया कि हालत बिगड़ने के बावजूद समय पर उचित उपचार नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर होने पर 17 मई की रात करीब एक बजे उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,




जहां आईसीयू में उसका इलाज शुरू हुआ। उपचार के दौरान 18 मई की सुबह मोनिका की मौत हो गई।

### परिवार में कोहराम

**महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने संबंधित नर्सिंग होम पर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया।**

### जांच कर कार्रवाई होगी

**थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली थी और मुरादाबाद से महिला के शव को लाने के लिए परिजन पहुंच चुके थे।**

# 29 को होनी थी शादी, सऊदी में हो गई मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जिन बहनों को अपने भाई के दुल्हा बनने का बेसब्री से इंतजार था, उन बहनों को भाई की मौत की खबर ने झकझोर दिया। नगर के मुहल्ला चाहसंग निवासी दो भाई फरहान व जीशान पिछले काफी समय से सऊदी अरब के रियाद में रहकर काम करते हैं। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व तबीयत खराब होने पर फरहान की मौत हो गई। फरहान की मौत की खबर से उसके घर में कोहराम मच गया। फरहान की तीन बहनें हैं। बताया जाता है कि फरहान की शादी 29 मई को होनी थी। उसे 25 मई को भारत आना था।



मृतक का फाइल फोटो

# रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप को सिक्कों से तौला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कश्यप समाज संगठन सेवा समिति, बिजनौर द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप को सिक्कों से तौलकर सम्मानित किया गया। शनिवार को सरकारी स्कूल, ग्राम हरपुर (विधानसभा नहटौर) में आयोजित कार्यक्रम में कश्यप समाज के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, युवा एवं महिला सदस्यों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा, रोजगार, आगामी योजनाओं तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने संबोधित करते हुए कहा कि कश्यप समाज को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनाने का हमारा लक्ष्य है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व और किसान–नौजवान के सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से हम सभी प्रेरित हैं। कश्यप समाज संगठन



सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कश्यप ने किया। इस अवसर पर डॉ. मोहन कश्यप, राजेश कश्यप, राहुल कश्यप, पूर्व प्रधान सुभाष कश्यप, रिंकू कश्यप, ज्ञानेंद्र चिकारा, विजय चौहान, संजीव चौधरी, अनुराग मलिक, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, राजीव कुमार बॉबी, दीपक डबास, महेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, कपिल कुमार, धर्मपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, शमीम अहमद, पारितोष चंदेल, दयाराम कश्यप, सोमपाल कश्यप, भानु कश्यप, डॉ. अरुण कश्यप, अशोक कश्यप, शिवलाल कश्यप, सुरेश कुमार दरोगा आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ने कराई नालों की तलछट सफाई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बरसात के मौसम में होने वाली जलभराव की समस्या से नगरवासियों को निजात दिलाने के लिए नगरपालिका द्वारा बड़े पैमाने पर नालों की तलछट सफाई का कार्य कराया जा रहा है। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने नगर के बिजनौर बाईपास रोड व गोकुलनगर सहित अनेक स्थानों पर सफाई अभियान चलाकर नालों की तलछट सफाई की। चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने सफाई निरीक्षक नीरज कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि नालों की तलछट सफाई का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# स्विमिंग पूल में बच्चों ने की खूब मस्ती

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर में विशेष रूप से प्री–प्राइमरी के नन्हे–मुन्नों के लिए ढेरों मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे अद्भुत उत्साह दिखा रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए एरोबिक्स, स्पोर्ट्स और पेंटिंग जैसी गतिविधियां न केवल उनके शारीरिक विकास में सहायक साबित हो रही हैं, बल्कि स्विमिंग पूल में मस्ती करते हुए उनका उत्साह देखते ही बनता है। इसके साथ ही, खेल–खेल में भाषा ज्ञान बढ़ाने वाली गतिविधियों के जरिए बच्चे बहुत ही सहजता से नई चीजें सीख रहे हैं। KG सेक्शन के इन नन्हे कलाकारों ने अपनी सुंदर पेंटिंग्स और सक्रिय भागीदारी से पूरे कैंप में चार चांद लगा दिए। वे हर गतिविधि का भरपूर आनंद ले रहे हैं।



# फैक्ट्री वालों ने नगर पालिका की भूमि पर कब्जा कर रास्ता चौड़ा किया

**नहटौर ( चिंगारी )। नगर पालिका की बाईपास पर स्थित जमीन में रास्ते के रूप में कब्जा होने का आरोप लगाया है। जिस पर पालिका ने राजस्व टीम से जांच कराई, जिसमें रास्ते में पालिका की जमीन मिलने पर निशान लगाये हैं।**

नहटौर के बाईपास स्थित नगर पालिका की खसरा 234, 237 की भूमि है, जो सौर के रूप

## राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर निशानदेही की

में दर्ज है, जिसके पीछे जमीन पर बन रही फैक्ट्री के स्वामियों द्वारा रास्ते को चौड़ा करके बना लिया है, जिसमें पालिका की जमीन को भी सम्मिलित कर लिया है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि उक्त रास्ता करीब 8 फीट चौड़ा था, जो वर्तमान में 15 से 20 फीट तक चौड़ाई का बना हुआ है। मामले की शिकायत पालिका व उच्च अधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्मसिंह रवि आदि ने जमीन की पैमाइश की। बताया जाता है कि पैमाइश में बने रास्ते पर में पालिका की जमीन शामिल होने की पुष्टि हुई है, जिसके लिए निशानदेही कर दी गई है। अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने बताया मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई थी। राजस्व टीम ने मौके पर पैमाइश की है। राजस्व टीम ने बताया कि निशान लगाकर कब्जा हटाने की अग्रिम कारवाई पालिका द्वारा की जाएगी। रास्ते की चौड़ाई 12 फिट है। इससे अधिक की जमीन पालिका की है।



कब्जे की शिकायत पर पैमाइश करते हुए राजस्व की टीम।



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 19 मई 2026**

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आपसी सद्भाव, नवसमाचार से प्रसन्नता।

वृषभ- आरोग्य सुख में वृद्धि, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, धनागम का मार्ग प्रशस्त, सोचे हुए कार्य सफल, आत्मिक शांति, दूसरों की सलाह मान्य।

मिथुन- अड़चनों का समापन, विशिष्टजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति जागृत, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्न, मंगल आयोजन सम्पन्न, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

कर्क- सफलता का मार्ग अवरुद्ध, कार्य-व्यवसाय में असंतोष, गलतफहमियों के शिकार, स्वयं की प्रतिभा कुंठित, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, यात्रा विफल।

सिंह- आत्मशक्ति का विकास, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, वैवाहिक जीवन संतोष-जनक, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, परिवार में हर्षोल्लास, यात्रा सुखद।

कन्या- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, लाभ का पर्याप्त अवसर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, मानसिक शांति।

तुला- सद्विचारों का उदय, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, वैवाहिक समस्या का विकास, भोग-विलासिता की ओर रुझान, शुभ समाचार मिलने से खुशी।

वृश्चिक-स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद की आशंका, कर्ज से उलझनें, आपसी सम्बन्धों में तनाव, योजना अधूरी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, मानसिक अशांति।

धनु- दिन अनुकूल, नौकरी में प्रोन्नति, समस्याओं का पूर्ण समाधान, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, गलतफहमी दूर होने को।

मकर- बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, व्यापार में धन निवेश, इच्छाशक्ति जागृत, प्रियजनों से विचार-विमर्श, महत्वपूर्ण उपलब्धि, वैमनस्यता का समापन।

कुम्भ- स्वास्थ्य में सुधार, स्वयं का निर्णय हितकर, उत्तरदायित्व हेतु प्रयास, धन सम्पत्ति मसला हल, उपहार या सम्मान का लाभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मीन- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, योजना पूर्ति में अड़चनें, अप्रिय घटना से मन अशांत, धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि, प्रेम सम्बन्धों में तनाव, वाहन से भय, सम्मान में कमी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# ग्राम प्रधान राजबाला देवी ने किया फिल्म 'ग्राम प्रधान' का मुहूर्त

नजीबाबाद (चिंगारी)। बिजनौर सिनेमा के बैनर तले बन रही फिल्म 'ग्राम प्रधान' का मुहूर्त ग्राम रावली में बड़े उत्साह के साथ ग्राम प्रधान राजबाला देवी ने किया। ग्राम प्रधान के नाम से बन रही इस फिल्म में मुख्य भूमिका टीवी सीरियल शक्तिमान में अभिनय करने वाले नजीबाबाद के प्रसिद्ध कलाकार सतीश सेंगर निभा रहे है। श्री सेंगर पूर्व में काफी फिल्मों में अपनी अलग-अलग भूमिका निभा चुके है। इस फिल्म में मुकुल देव भारती, खुशबू सक्सेना, मदनपाल सिंह, अर्जुन सिंह, कुसुम देवी, निखिल रावली वाला, एकता शर्मा, सुरेश सैनी, प्रिंस वर्मा, अभिषेक, सुमित, कपिल सैनी, जिया का भी अच्छा रोल है। फिल्म के प्रोड्यूसर बाबू भारती है। फिल्म में केके सोही, जावेद ने भी अपनी भूमिका निभाई है। इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान के प्रति समाज में जागरूकता लाना है। इस फिल्म के माध्यम से ग्राम प्रधान के कार्य व कर्त्तव्यों को दिखाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह फिल्म ग्राम प्रधान काफी चर्चित होने की संभावना है।

**फिल्म ग्राम प्रधान का मुहूर्त करती रावली की प्रधान।**





## साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को मदरसे में किया गया सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर स्थित मदरसे में दस्तारबंदी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाफिजे कुरान बने बच्चों की दस्तारबंदी की गई। इस कार्यक्रम में उलेमा-ए-किराम ने तलबा के रोशन मुस्तकबिल के लिए दुआ की। सभी को नेक रास्ते पर चलने की सलाह दी गई। दस्तारबंदी करने वाले तलबा को मुबारकबाद पेश की गई। इस मौके पर मेहमान के रूप में आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने बच्चों के कामयाब मुस्तकबिल के लिए दुआ की।

## सेंटमैरी स्कूल टॉप करने वाली शिफा नाज़ को सम्मानित किया



**नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी के नेता अबरार अहमद के मौहल्ला रम्पुरा स्थित निवास पर सेंटमैरी स्कूल टॉप कर नाम रोशन करने वाली उनकी बेटी शिफा नाज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में सर सैयद एकेडमी के महासचिव खालिद मसूद, नगरपालिका नजीबाबाद के सभासद एवं जिला योजना समिति के सदस्य सरफराज अहमद, पीस मॉडल स्कूल के प्रबंधक एवं कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव मौ. अकरम एड. शामिल रहे। सभी ने बेटी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसके परिवार को मुबारकबाद पेश की।**



## भाजपा नेता लवी अग्रवाल ने किया रेस्टोरेंट का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रेलवे स्टेशन रोड पर विशाल मेगा मार्ट के पास पिज्जा एण्ड रेस्टोरेंट का उद्घाटन भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी शुभम उर्फ लवी अग्रवाल ने फीत काटकर किया। इस मौके पर व्यापारियों ने लवी अग्रवाल का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। लवी अग्रवाल ने कहा कि इस रेस्टोरेंट के खुलने से शहरवासियों को लज़ीज़ व्यंजनों का स्वाद उचित रेट पर मिलेगा। यहां का वातावरण काफी अच्छा है। इस अवसर पर रेस्टोरेंट स्वामी मौ. इमरान, वरूण धवन, राकेश पंडित, दिनेश खन्ना, इरफान अंसारी, मौ. जीशान, मौ. रिजवान, जकी प्रधान, मौ. फेजल, समीउल्ला, राकेश कर्णवाल, चिंटू अकेला, राहुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप, परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

बिजनौर(चिंगारी)। कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम बाकरपुर निवासी एक नाबालिग किशोर को कश्मीर ले जाकर दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप सामने आया है। मामले को लेकर पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर किशोर की सकुशल बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित कृष्ण कुमार ने आरोप लगाया कि गांव काजीवाला निवासी वसीम पुत्र लियाकत उनके नाबालिग पुत्र विशाल को काम दिलाने के बहाने अपने साथ कश्मीर ले गया था। आरोप है कि वहां बहला-फुसलाकर एवं दबाव बनाकर किशोर का धर्म परिवर्तन कराया गया।

मंगलवार को पीड़ित परिवार पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। इस दौरान किशोर की मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से बेटे को सकुशल वापस लाने की गुहार लगाई। पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने कहा कि किसी नाबालिग का धर्म परिवर्तन कराना और उससे इस प्रकार का कार्य कराना गैरकानूनी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर किशोर को बरामद करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। वहीं पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



विशाल

## बीती रात सड़क दुर्घटना में हुई करन सिंह की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पास के ग्राम सीरवासुचंद निवासी लाल सिंह के अविवाहित पुत्र करन सिंह (25 वर्ष) की बीती शाम धामपुर क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान हुई दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक करन सिंह वहां एक मुर्गी फार्म पर काम करता था और बीती शाम लगभग 5 बजे ही वह बाइक द्वारा घर से धामपुर के लिए गया था। मृतक के दो भाई व एक बहन है। पिता मोहल्ले में ही परचून की दुकान करते हैं जबकि मां की काफी समय पहले मौत हो गई थी।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## प्रदेश सरकार का पुतला फूंका

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पेट्रोल–डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजन जिला एवं महानगर कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां से वे भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झंडा चौक पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई और पेट्रोल–डीजल के दामों में वृद्धि के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां पहले से चुनौतीपूर्ण थीं, तो सरकार ने चुनावों तक दाम न बढ़ाकर जनता को भ्रमित करने का काम किया और चुनाव समाप्त होते ही महंगाई का बोझ आम जनता के कंधों पर डाल दिया। आज रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम आदमी, व्यापारी, किसान, युवा एवं मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित है। कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां आमजन के हितों के विपरीत दिखाई दे रही हैं। देश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से परेशान है। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछ्वाण ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा आज आम नागरिक भुगत रहा है। जिसका लगातार विरोध किया जाता रहेगा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारोबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, महानगर महिला अध्यक्ष सुधा असवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख गीता नेगी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, राजीव कपूर, महावीर सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, राजीव जखमोला और कुंवर सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



कोटद्वार के झंडाचौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

# आईएचएमएस के 12 छात्रों का फाइव स्टार होटल के लिए चयन



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार में होटल मैनेजमेंट कोर्स में, अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रहे 12 छात्रों का देश के जाने माने पांच सितारा होटल हयात रेजिडेंसी और रेडशन ब्लू में चयन हुआ है। नौकरी मिलने पर छात्रों और उनके परिजनों में खुशी का माहौल है। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत गत दिनों हयात रेजिडेंसी और रेडशन ब्लू के सीनियर एचआर मैनेजर ने अलग अलग राउंड में बीएचएम के छात्रों का साक्षात्कार लिया, जिसके बाद 10 छात्रों का चयन हयात रेजिडेंसी गुरुग्राम और 04 छात्रों का चयन रेडशन ब्लू ग्रेटर नोयडा के लिए हुआ है।

### “ इन छात्र का हुआ चयन

**होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्र मयंक काला, नितिन रौतेला, शिवम गुसाईं, अनूप भंडारी, दुर्गेश रावत, सुजल रावत, क्रिश चौहान, आयुष चौधरी, सचिन गुसाईं और प्रियांशु द्विवेदी का चयन हयात रेजिडेंसी के लिए हुआ है। जबकि शिवम ध्यानी, बादल अहमद का चयन रेडशन ब्लू के लिए हुआ है।**

# भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में हुआ विदाई समारोह

## करण मिस्टर व श्रद्धा मिस फेयरवेल चुने गये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत उत्तरी झण्डी चौड़ स्थित भगवन्त ग्लोबल विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरम्भ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त पी.एल. शाह, वि.वि. के कुलपति प्रो. ए.के. शर्मा व प्रतिकुलपति प्रो. पी. एस. राणा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। विवि के प्रतिकुलपति प्रो. पी एस राणा ने विश्वविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। वहीं मुख्य अतिथि नगर आयुक्त पी.एल. शाह ने छात्र–छात्राओं को मेहनत का महत्व समझाया। इस दौरान फैकल्टी आफ दि इयर का पुरस्कार कु. ज्योति नेगी एवं स्टाफ आफ द इयर का पुरस्कार कुसुम रानी को दिया गया। श्रद्धा को मिस फेयरवेल व करण को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। संजना को मिस स्पार्क व अनुराग को मिस्टर स्पार्क चुना गया। तत्पश्चात छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, गढ़वाली व बालीवुड के गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। मौके पर विवि में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अव्वल प्रदर्शन करने वाले 13 छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सर्वानंद, अरूण खंतवाल, श्वेता डोबरियाल, विकास पाल, गुरजंत सिंह और शिवानी नेगी आदि शिक्षकों सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा के राज में महंगाई अपने चरम पर : नवीन जोशी

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के बेतहाशा दाम बढ़ने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महंगाई के नाम पर जनता को गुमराह करने वाली भाजपा के राज में महंगाई अपने चरम पर पहुंच गई है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की समाप्ति पर केन्द्र की मोदी सरकार ने जनता को महंगाई का तोहफा दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, दालें, सब्जियां, दूध, बिजली, दवाइयां जैसी आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई के कारण मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, कर्मचारी और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। खाने–पीने की वस्तुओं से लेकर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं तक महंगी हो चुकी हैं। सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल दिखाई दे रही है। नवीन जोशी ने भाजपा सरकारों से मांग करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनता को राहत देने के लिए तत्काल प्रभाव से पेट्रोल–डीजल और रसोई गैस पर करों में कमी करें, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएं तथा जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें। आम जनता को राहत देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

# देहरादून नगर निगम ने अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया

## सड़क, सार्वजनिक स्थलों एवं अवैध होर्डिंग्स को हटवाया



**देहरादून ( चिंगारी )।** नगर निगम देहरादून द्वारा शहर में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए सड़क, सार्वजनिक स्थलों और निगम भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। अभियान के तहत वार्ड संख्या 100 में पार्षद श्रीमती स्वाति डोभाल की शिकायत पर कृष्ण विहार क्षेत्र में निगम टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण और कब्जों को ध्वस्त किया। इसी क्रम में बल्लूपुर पंतवाड़ी क्षेत्र में सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को बाधामुक्त कराया गया। नगर निगम ने शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्रवाई भी की। इसके अलावा मेहुवाला स्थित खसरा संख्या 1608 में निगम भूमि का चिन्हीकरण कर तारबाड़ की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अवैध कब्जा न हो सके। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्गों, नालियों और निगम भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक–**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक–**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या– डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.–14/2025–27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# यूपी में 21,508 नये शिक्षकों और अनुदेशकों की होगी भर्ती- मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रदेश में 21508 शिक्षकों-अनुदेशकों की भर्ती जल्द होगी, इसमें 11508 शिक्षक और 10000 अनुदेशक शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस भर्ती से विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात बेहतर होगा और बेसिक शिक्षा परिषद की कायाकल्प यात्रा को मजबूती मिलेगी। सीएम रविवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24717 अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने कहा कि शिक्षा आयोग का गठन किया गया है, जो विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों का चयन कर रहा है। 11508 नये शिक्षकों का अधियाचन भेजा जा चुका है। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नये अनुदेशकों की नियुक्ति भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2011-12 में सात हजार रुपये मासिक पर अंशकालिक अनुदेशकों की नियुक्ति शुरू की गई थी। वर्ष 2022 तक इनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई। वर्ष 2022 में 2000 रुपये की वृद्धि हुई, लेकिन सरकार स्वयं भी इससे संतुष्ट नहीं थी। ऐसे में अब अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया है। उन्होंने कहा कि सभी अनुदेशक बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा तैयार पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराएं ताकि अगले सप्ताह बड़े समारोह में स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों, 24,296 अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने वर्ष 2019 में अनुदेशक बहनों को छह माह का पूर्ण मानदेय सहित मातृत्व अवकाश दिया था। वर्ष 2023 में स्वेच्छा से विद्यालय परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में उन्हें बेहद खराब स्थिति में बेसिक विद्यालय मिले। 100 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त करने तक के प्रस्ताव आए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें अस्वीकार करते हुए 'स्कूल चलो अभियान' और 'ऑपरेशन कायाकल्प' की शुरुआत की। अब 96 प्रतिशत बेसिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट जजों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी दी



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी।


तुरन्त आवश्यकता
( कैंटीन सुपरवाइजर व सहायक की )
बिजनौर में कैंटीन के लिये एक अनुभवी सुपरवाइजर एवं एक कैंटीन सम्बंधी चाय, कॉफी, मैगी, वैज सेंडविच, आमलेट आदि कार्य करने हेतु एक युवक की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें- 9319935942, 9267451171







## महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती ब्रह्मलीन हुए

**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर मंडल के प्रसिद्ध तीर्थस्थल शुक्रतालधाम स्थित हनुमंतधाम के पीठाधीश्वर स्वामी केश्वानंद सरस्वती (80) रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में ब्रह्मलीन हो गए। स्वामी ध्रुवानंद तीर्थ ने कल शाम यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री केश्वानंद ने मुजफ्फरनगर के आरोग्य अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनकी जन्मस्थली हाथरस थी। उन्होंने 1960 से शुक्रतीर्थ में स्वामी रामधारी जी महाराज के सानिध्य में शिक्षा-दीक्षा पायी। उन्होंने शुक्रतीर्थ में विशाल हनुमानजी को स्थापित किया। साथ ही शिक्षा, गौशाला एवं अन्नक्षेत्र परकल्प स्थापित एवं विकसित किए। पीठाधीश्वर को श्रद्धांजलि देने वालों में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डा. वीरपाल निर्वाल, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, कृष्ण कुमार बंसल उपाध्यक्ष हनुमत धाम, आर के टंडन अध्यक्ष, रविंद्र पुरी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं जगदगुरु भैया महाराज, और कटार सिंह समेत अनेक लोग शामिल हुए।





